UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

4 चुनावी हिंसा पर लगी रहे लगाम

5 भीषण गर्मी में परीक्षाएं करा रहा...

6 सुन लो मेरी पुकार पवनसुत बिनती...

● वर्ष : 08 ● अंक : 45 ● लखनऊ, सोमवार 3 जून 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

# अरुणाचल-सिक्किम में जीत का जश्न शुरू




एजेंसी

**ईटानगर गंगटोक।** भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 60 में से 46 सीटें हासिल कर लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखी। चुनाव आयोग के आंकड़ों (ईसीआई) के अनुसार, सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने प्रतिद्वंद्वी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को हराकर, 32 में से 31 सीटें जीतकर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

अरुणाचल प्रदेश में मतगणना शुरू हो गई है, जिसमें भाजपा ने 10 सीटें निर्विरोध जीत ली हैं। ईसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने पांच सीटें जीतीं, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने दो सीटें जीतीं, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और निर्दलीय उम्मीदवारों ने तीन-तीन सीटें जीतीं और कांग्रेस ने एक सीट जीती।

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। सिक्किम में कुल मतदान 79.88 प्रतिशत हुआ जबकि अरुणाचल प्रदेश में 82.95 प्रतिशत मतदान हुआ।

> *अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में प्रचंड बहुमत से फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है। पूर्व दिशा से आ रही इस अरुणिमा से 04 जून को पूरा देश आलोकित होगा। कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन का 04 जून को चारों खाने चित होना सुनिश्चित है।*
>
> **योगी आदित्यनाथ**
> **मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

सिक्किम में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ एसकेएम और पवन कुमार चामलिंग की एसडीएफ के बीच था। पूर्वोत्तर राज्य में चुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवार उतारे थे। एसकेएम और एसडीएफ ने 32-32 उम्मीदवार उतारे थे, जबकि भाजपा के 31 उम्मीदवार थे। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिटीजन एक्शन पार्टी-सिक्किम के 30 सीटों पर उम्मीदवार थे। 2019 में, प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाले एसकेएम ने 17 सीटें जीतीं, जबकि एसडीएफ ने 15 सीटें हासिल कीं।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। एक बार फिर से भाजपा पर विश्वास जताने के लिए मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक मजबूती से काम करती रहेगी। उन्होंने आगे लिखा कि मैं चुनाव अभियान के माध्यम से असाधारण भाजपा अरुणाचल कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। यह सराहनीय है कि वे किस तरह पूरे राज्य में गए और लोगों से जुड़े।

# 31 मई की रात बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बना

## पहली बार एक दिन में 15788 मेगावॉट का उत्पादन भी हुआ

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में भीषण गर्मी की वजह से लगातार बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बन रहा है। 31 मई की रात बिजली खपत बढ़कर 29727 मेगावाट पर पहुंच गई। वहीं प्रदेश की उत्पादन इकाइयों ने 15788 मेगावाट बिजली उत्पादन कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। उधर, पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की मुश्तैदी से उपभोक्ताओं की दुश्वारियां कम हुई हैं। शनिवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़कर तो ज्यादातर इलाकों में स्थिति सामान्य रही। प्रदेश में पारे में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली की मांग का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है।



24 मई को बिजली की मांग 29147 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इसके बाद से लगातार बढोत्तरी के साथ 31 मई की रात यह 29727 मेगावाट पर पहुंच गई है। ऐसी स्थिति में विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति उपकरण जवाब देने लगे। हालांकि कुछ देर बाद मौसम में आई नरमी ने राहत दी। रात करीब तीन बजे के बाद बिजली की मांग में गिरावट हुई। शनिवार को कुछ जिलों में बादल छाए रहने की वजह से भी बिजली की मांग में कमी आई। इसी क्रम में राज्य के उत्पादन गृहों ने भी 15788 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया है। मौसम में मामूली गिरावट और बिजली कर्मियों की सक्रियता बढ़ने के बाद उपभोक्ताओं की मुश्किलें कुछ हद तक कम हुई हैं। शनिवार को लोकल फाल्ट की घटनाएं भी कम हुई हैं। विभागीय अफसर भी लगातार निगरानी कर रहे हैं। जहा से भी शिकायतें मिलीं, उसका तत्काल निस्तारण कराने का दावा किया गया है।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जून माह में गर्मी का असर बरकरार रहने की संभावना है। ऐसी स्थिति में इस माह को चुनौती के रूप में लें। बिजली की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) को प्रभावी बनाएं, जिससे विद्युत प्रणाली के एकीकृत संचालन को बेहतर बनाया जा सके। उपभोक्ता परिषद का दावा है कि जिस इलाके में अवर एवं सहायक अभियंताओं ने विद्युत व्यवधान होने पर उपभोक्ताओं की बात नहीं सुनीं, उसी क्षेत्र में बवाल हुआ।

## दहाड़कर बाघ अमर और बब्बर शेर पटौदी ने दी सीएम योगी को सलामी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में करीब एक सप्ताह पूर्व इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा। योगी को देख बाघ (रायल बंगाल टाइगर) अमर एक पैर उठाकर यूं दहाड़ पड़ा मानो देश के सबसे प्रभावशाली मुख्यमंत्री को सलामी दे रहा हो। उसकी दहाड़ पर सीएम हंस पड़े और कहने लगे, क्या रे, कैसा है तूं। इस दौरान एक कर्मचारी को उन्होंने यह समझाया कि बाड़े की जाल को मत छुओ, इससे बाघ नाराज हो रहा है। बब्बर शेर पटौदी ने भी अपने बाड़े के सामने सीएम को देख दहाड़ लगाकर सलामी पेश की। योगी शेर और बाघ के जिन भी बाड़ों में पहुंचे, इन वन्यजीवों ने उन्हें देखकर दहाड़ लगाई और खुश कर दिया। चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी को केला खिलाया और अन्य कई वन्यजीवों का अवलोकन कर उनकी समुचित देखभाल के निर्देश चिड़ियाघर के अधिकारियों को दिया।

# यूपी में हमेशा के लिए छूटा पान मसाला और तंबाकू का साथ

***अब एक ही दुकान पर पान मसाला और तंबाकू नहीं मिलेंगे। यह दोनों उत्पाद एक स्थान पर बनेंगे भी नहीं और उनका भंडारण भी नहीं किया जा सकेगा।***

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में एक दुकानों पर पान, मसाला-तंबाकू बेचने वालों के लिए बुरी खबर है। सरकार ने अब इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में सरकार की तरफ से एक नया आदेश भी जारी किया गया है। सरकार के इस आदेश के हिसाब से अब एक ही दुकान पर पान मसाला और तंबाकू नहीं मिलेंगे। यह दोनों उत्पाद एक स्थान पर बनेंगे भी नहीं और उनका भंडारण भी नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस आदेश को प्रभावी बनाने की कवायद शुरू कर दी है। विभाग की मानें तो पुलिस की मदद से इस प्रतिबंध को प्रभावी बनाया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत बने खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विक्रय प्रतिषेध एवं निर्बंधन) विनियम 2011 में यह प्रावधान है कि किसी भी खाद्य पदार्थ में तंबाकू एवं निकोटिन को एक अवयव के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता। यूपी की सीमा में तंबाकू युक्त पान मसाला या गुटखा के निर्माण, पैकिंग, भंडारण, वितरण एवं बिक्री पर एक अप्रैल 2013 में प्रतिबंध लगाया गया था। मगर इसके बावजूद प्रदेश में तमाम पान मसाला बनाने वाली कंपनियां तंबाकू युक्त गुटखे का निर्माण भी पान मसाले के ब्रांड नेम से ही किया जा रहा है। पान मसाले के साथ ही तंबाकू वाले गुटखे के पाउच भी साथ ही भंडारित करने के साथ ही बेचे भी जा रहे हैं।

# धूप में ड्यूटी न करें बीमार कर्मचारी: डीजीपी

संवाददाता



**लखनऊ।**देश भर में भीषण गर्मी ने हाहाकार मचा रखा है। इस बीच चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस और होमगार्ड कर्मियों की मौत होने से पुलिस मुख्यालय की चिंता और बढ़ गई है।

लिहाजा डीजीपी मुख्यालय अस्वस्थ और शारीरिक रूप से कमजोर पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवानों को कानून-व्यवस्था ड्यूटी में राहत दिए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही ड्यूटी स्थल पर उन्हें गर्मी से बचाने और उनके खान पान की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने रविवार को सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर और एसपी को निर्देश दिए कि सभी थानों और चौकियों पर शुद्ध और ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए. पुलिस कर्मियों को ड्यूटी से पहले और बाद में पेयजल, नीबू इलेक्ट्राल, ग्लोकोन डी, ओआरएस भी दिया जाए. इसके अलावा पुलिस कर्मियों को सत्तू, छाछ, ठंडे खाद्य पदार्थों को खाने के लिए उन्हें जागरूक किया जाए। वहीं भीषण गर्मी में ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे यातायात कर्मियों को भी गर्मी से बचाने के लिए डीजीपी ने निर्देश दिए हैं।

# एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम

संवाददाता



**लखनऊ।** विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सारी सच्चाई बयान कर रहे हैं। एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है। चार जून को मंगल के दिन मंगल होगा और सपा पीडीए इंडिया गठबंधन की भारी जीत होने जा रही है।

अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रत्याशी ईवीएम की निगरानी में एक प्रतिशत भी चूक न करें। इंडिया गठबंधन जीत रहा है। इसीलिए चौकन्ने रहकर मतगणना कराएं और जीत का प्रमाणपत्र लेकर ही विजय का उत्सव मनाएं। विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये भाजपाई एक्ज़िट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था बस चैनलों ने चला दिया है। इस एक्ज़िट पोल के माध्यम से भाजपा से मिले हुए भ्रष्ट अधिकारी भी सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता देखकर धांधली करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, साथ ही वो जनता के क्रोध का भी शिकार नहीं होना चाहते हैं। इस एक्ज़िट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है। एक्ज़िट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलनेवाले शेयर बाज़ार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं। भाजपाई ये समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता है क्योंकि इस बार विपक्ष पूरी तरह से सजग है और जनाक्रोश भी चरम पर है।

## चुनाव आयोग से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मीडिया को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से मिला। उन्होंने कहा, हमने चार मांगें चुनाव आयोग के सामने रखी हैं। हमने चुनाव आयोग से मांग की है कि काउंटिंग प्रक्रिया में लगे अधिकारियों को प्रक्रिया की पूरी जानकारियां दी जाएं। उनकी ट्रेनिंग अच्छे तरीके से की जाए। काउंटिंग प्रक्रिया से जुड़े छोटे से छोटे जो विषय हैं, उनको बड़े गंभीरता से लिया जाए। जिससे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। साथ ही काउंटिंग प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाए। चुनाव आयोग से हमने मांग की है कि वोटों की गिनती सही हो।

# यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश एग्जिट पोलों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, कांग्रेस इसको लगातार खारिज कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। जब उनसे इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ÷क्या आपने सिद्धू मूस वाला का गाना 295 सुना है? 295।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने अपने पीसीसी अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों, प्रभारियों और उम्मीदवारों से चर्चा की है, वे सभी बहुत आश्वस्त हैं। यह एग्जिट पोल सरकार के लिए एक फर्जी पोल है। इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी और निश्चित रूप से सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा निवर्तमान प्रधानमंत्री, जिस व्यक्ति को 4 जून को निश्चित रूप से जाना होगा, उसने इन सभी चीजों की साजिश रची है और एग्जिट पोल को प्रबंधित किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और 4 जून के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होगा। इंडिया गठबंधन की कल एक बैठक हुई थी, हमने संख्याओं पर विस्तार से चर्चा की, यह असंभव है कि इंडिया गठबंधन को 295 से नीचे कुछ भी मिलेगा।

लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने एनडीए के लिए 361-401 सीटों का अनुमान लगाया है, जिसमें बीजेपी ने बंगाल, तेलंगाना और ओडिशा में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये एग्जिट पोल सिर्फ माहौल बनाने के लिए हैं कि इंडिया गठबंधन हार गया है।

# बुंदेलखंड व मध्य यूपी में लू से 28 की मौत

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में लू और गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लू और गर्मी के चलते बुंदेलखंड व मध्य यूपी में 31 लोगों की मौतें हुईं हैं और आंधी से आठ लोगों की जानें गई हैं। लखनऊ, बांदा, उरई व महोबा में तीन-तीन, हमीरपुर-चित्रकूट, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी में दो-दो और रामपुर में एक की मौत हुई है। कानपुर में गर्मी से पांच और फतेहपुर में दो लोगों की जान गई है। बस्ती में एक अधिवक्ता की मौत हुई है। प्रतापगढ़ में आंधी-बारिश से चार लोगों की मौतें हुई हैं। बस्ती में एक अधिवक्ता की मौत हो गई है। महराजगंज में आंधी-



पानी के दौरान किसान खेत पर अचेत होकर गिर गया और घर पर एक मौत हो गई। बुंदेलखंड में आंधी से दो की मौतें हुई हैं। इस तरह कुल 39 लोगों की मौतें हुई हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिन कहीं लू तो कहीं आंधी-बारिश की संभावना जताई गई है। इन तीन दिनों के मौसम के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दरम्यान पश्चिमी व पूर्वी अंचल में कुछ स्थानों पर लू चलने और कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश की संभावना है। तेज धूल भरी आंधी में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। बीते 24 घंटों के दौरान कानपुर एयरफोर्स सबसे गरम स्थान रहा, जहां दिन का तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बागपत में 44, आगरा में 43.5, इटावा में 43, मथुरा वृंदावन में 44, प्रयागराज में 43, कन्नौज में 44.4, गौतमबुद्धनगर में 43.7 मुरादाबाद 41, रामपुर 44, अमरोहा 43 व संभल में 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। हवा का रुख बदलने के साथ ही हालांकि चढ़ते पारे में थोड़ी गिरावट आई है। मगर अब पुरवाई चलने के साथ उमस भरी चिपचिपी गर्मी जनजीवन को बेहाल करेगी। प्रतापगढ़ भूपियामऊ में 132 केवीए पावर हाउस से शहर के उपकेंद्र पर आने वाली मेन लाइन का तार टूटने से रात दो बजे तक बिजली के लिए हंगामा मचा रहा।

- आंधी-बारिश से आठ की गई जान
- कानपुर-झांसी में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री
- गर्मी से 31 लोगों की मौत हुई, जबकि 8 लोगों की आंधी-बारिश से गई जान

# एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति बने अदाणी

- अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में आया उछाल

एजेंसी

**मुंबई।** दिग्गज उद्योगपति गौतम अदाणी मुकेश अंबानी को पछाड़कर एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति बन गए हैं। गौतम अदाणी को अपनी कंपनियों के शेयरों की कीमत में उछाल का फायदा मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गौतम अदाणी की नेटवर्थ 111 अरब डॉलर हो गई है, जो उन्हें एशिया का सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। वहीं मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।



अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी जेफरीज ने समूह के बारे में बेहतर राय पेश की है। इन घटनाक्रमों के बाद शुक्रवार को समूह की सभी कंपनियों के शेयर 14 प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 84,064 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

# केजरीवाल ने तिहाड़ में किया आत्मसमर्पण

- कोर्ट ने रिमांड पर भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में सरेंडर करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कोर्ट में पेशी हुई। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की पेशी हुई। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कस्टडी मांगी थी। इसे लेकर केजरीवाल की तिहाड़ जेल के अंदर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ड्यूटी जज संजीव अग्रवाल ने इस मामले में सुनवाई की है। ईडी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया गया है इसलिए हम कस्टडी की गुहार लगा रहे हैं।




राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 जून तक के लिए केजरीवाल को ईडी की कस्टडी में भेजा है। अब इसके बाद शराब घोटाले में सीएम केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के सवालों का सामना करना होगा। अदालत ने इस बात पर गौर किया अरविंद केजरीवाल को रिमांड पर लेने के लिए ईडी ने हाल ही में याचिका लगाई थी। चूकी केजरीवाल अंतरिम जमानत पर थे इसलिए जांच एजेंसी की याचिका पेंडिंग थी। केजरीवाल की पेशी के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में ड्यूटी जज ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की है। जिसके बाद जज ने उन्हें 5 जून तक ईडी की रिमांड पर भेजे जाने का फैसला सुनाया।

ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में गिरफ्तार किया है। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी और वो चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आए थे। अंतरिम जमानत की मियाद पूरी होने के बाद केजरीवाल ने अदालत में सरेंडर किया।

अरविंद केजरीवाल को जेल तक छोड़ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवालऔर बेटी हर्षिता भी गई थीं। केजरीवाल के तिहाड़ जेल में जाने के बाद दोनों वहां से लौट आए।

# भूकंप के झटकों के बाद घरों से बाहर निकले लोग

- सोनभद्र में भूकंप की 3.9 तीव्रता मापी गई

संवाददाता

**सोनभद्र।** यूपी में एक बार फिर धरती हिली है। सोनभद्र में दोपहर अचानक से घरों में पंखे हिलने लगे तो लोगों में दहशत फैल गई। सभी घरों से बाहर निकल आए। पहले तो किसी को कुछ समझ ही नहीं आया। सभी ने मोबाइल निकालकर चेक किया तो भूकंप की जानकारी हुई। इसके बाद सभी एक-दूसरे से भूकंप के झटकों की जानकारी लेने लगे। जानकारी के अनुसार सोनभद्र में लोगों को दोपहर करीब तीन बजकर 50 मिनट बाद अचानक से एक जोरदार झटका महसूस हुआ। छतों पर लगे पंखे हिलने लगी। लोगों को धरती हिलने का भी कुछ एहसास हुआ। इसके बाद सभी घरों से बाहर निकल आए।

रिक्टर पैमाने पर जब रविवार को आए भूकंप की तीव्रता मापी गई तो वह 3.9 निकली। बतादें कि एक दिन पहले तिब्बत में भी भूकंप आया था। तिब्बत के जिजांग में रिक्टर स्केल पर 4.3 तीव्रता का भूकंप मापा गया था। जानकारी के अनुसार एक जून की शाम करीब 4.29 पर तिब्बत में भूकंप आया था।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर हंगामा

**लखनऊ।** अमोल गांव में माहौल बिगाड़ने के इरादे से शरारती तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। यह आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने लोगों को समझाया। प्रतिमा की मरम्मत कराने और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर लोग शांत हुए। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक अमोल गांव में शनिवार सुबह अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिली। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज कब्बी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाते हुए मूर्ति कलाकारों को बुलाया गया। जिन्होंने मूर्ति का क्षतिग्रस्त हिस्सा ठीक किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रतिका को नुकसान पहुंचाने वालों की तलाश की जा रही है।

### एस आर इण्टरनेसनल स्कूल में समर कैम्प का हुआ समापन



**लखनऊ।** बख्शी का तालाब स्थित एस आर इण्टरनेसनल स्कूल में नौ दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस समरकैम्प में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की एक्टीविटीज में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग लिया जैसे हन्डीक्राफ्ट, पेंटिंग एण्ड पॉयटरी, डाँस, म्यूजिक, बॉस्केटबॉल, बॉलीबॉल, फुटबॉल, चेस, कैरम, टेबलटेनिस, योगा, जुम्बा, एरोबिक्स, स्वीमिंग एण्ड साइंस एक्सप्लोरेसन रहे। जिसमें मुख्तया स्विमिंग की एक्टीविटी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। नृत्यसंगीत तथा विभिन्न खेलकूद में भाग लेकर अपनी क्षमताओं का बड़ी ही दक्षता से प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मेंहदी एवं पपेट बनाकर अपनी अपनी निपुणता का परिचय दिया। इस कैम्प में लगभग 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, तथा वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान द्वारा बच्चों को भविष्य में इसी तरीके से ऊर्जावान रहकर अपने करने का प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया और साथ ही यह भी कहा कि बच्चों ने पढ़ाई के साथ-साथ गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोत्तरी की। कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया ।

### पुलिस पर फायरिंग कर भागा बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** मटियारी शिवपुरी में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हुए बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कृष्णानगर के गैंगस्टर को पकड़ा था। वहीं, एक आरोपी फरार हुआ था। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिम संचालक अर्पित के घर लूट की साजिश रचने वाले राकेश सिंह उर्फ छोटू को मुठभेड़ कर पकड़ा गया था। पुलिस टीम पर राकेश के साथ दुबग्गा बसंतकुंज निवासी रामजीत पाल ने भी फायरिंग की थी। जो मौके से भाग निकला था। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से रामजीत को लौलाई के पास से पकड़ा गया। बदमाश के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 69 रुपये सस्ता

**लखनऊ।** तेल कंपनियों ने गैस की कीमतों में समीक्षा के दौरान रीफिल शुल्क में बदलाव किया है। समीक्षा के दौरान 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 69.5 रुपये सस्ता हो गया। अभी तक इसकी दर 1858.50 थी। नई दरें 1789.00 रुपये प्रति रीफिल होगी। 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की दरों में कोई बदलाव नहीं है। इसकी दरें 840.50 रुपये पर स्थिर रखी गई हैं।

### जानकीपुरम में सीवेज स्टेशन से फैली बदबू

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार सेक्टर एक में सीवेज पम्पिंग स्टेशन से उठ रही दुर्गन्ध से आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं। यह पम्पिंग स्टेशन स्टेट बैंक के बगल में मुख्य मार्ग पर स्थित है। जानकीपुरम विस्तार संयुक्त कल्याण महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पाण्डेय ने बताया कि जलकल विभाग ने पूर्व में आश्वासन किया था कि दुर्गन्ध नहीं आएगी। किसी को कोई असुविधा नहीं होगी। यहां कोने में एक काफी बड़ा गड्ढा है, जो राहगीरों के लिए असुरक्षित है। कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। जानकीपुरम विस्तार के लोगों ने इस संबंध में जलकल महाप्रबंधक को पत्र लिखा है।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर कबाड़ी को पीटा

**लखनऊ।** महानगर कोतवाली में कबाड़ी ने शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। अकबरनगर निवासी राजकुमार के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह कबाड़ तुलवाने के लिए एक दुकान पर गया था। जहां अकबरनगर निवासी शानू पहले से मौजूद था। जिसने राजकुमार से शराब पिलाने के लिए कहा। मना करने पर रुपये देने का दवाब बनाया। लेकिन राजकुमार ने रुपये नहीं दिए। इस बात से गुस्सा होकर शानू ने राजकुमार पर हमला कर दिया। आरोप है कि दबंग ने पास में रखी बोतल कबाड़ी के सिर पर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। अन्य लोगों के बीच बचाव करने पर आरोपी भाग निकला। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नौकरी लगवाने का झांसा देकर इंजीनियर से ढाई लाख हड़पे

**लखनऊ।** बीकेटी कोटवा निवासी मनीष सिंह नौकरी की तलाश में थे। वर्ष 2021 में सेवायोजन पोर्टल से सहायक अभियंता पद के लिए अप्लाई किया। अक्टूबर 2021 में मनीष की मुलाकात इटावा लिडैयापुरा निवासी धर्मवीर सिंह से केजीएमयू जाने के दौरान हुई। धर्मवीर ने बताया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के लिए मैकेनिकल इंजीनियर की जरूरत है। धर्मवीर की बातों में फंस कर मनीष ने हामी भर दी। इसके बाद नौकरी लगवाने के तौर पर करीब ढाई लाख रुपये आरोपी ने लिए। मार्च 2022 में धर्मवीर ने ज्वाइनिंग लेटर दिया। जिसके मुताबिक नमामि गंगे प्रोजेक्ट के झांसी स्थित दफ्तर में मनीष की नियुक्ति होने का दावा किया गया। पीड़ित के मुताबिक नियुक्ति पत्र मिलने के बाद धर्मवीर ने कुछ दिन बाद ज्वाइन करने के लिए कहा। फिर फोन उठाना बंद कर दिया। शक होने पर पीड़ित ने ज्वाइनिंग लेटर चेक कराया। जिसमें धर्मवीर की हकीकत पता चला। पीड़ित ने डिप्टी सीएम कार्यालय में तहरीर दी थी। जिसके आधार पर शुक्रवार को जानकीपुरम कोतवाली में धर्मवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### टेंट कर्मी की हत्या में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने टेंट कर्मी की हत्या में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ टेंट कर्मी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्र ने बताया कि चार अप्रैल की रात दाउदनगर निवासी अवनीश शर्मा (19) को उसका दोस्त वायु बर्थडे पार्टी के लिए बुलाया कर ले गया था। अवनीश के घर नहीं लौटने पर मां लक्ष्मी उसे तलाश रही थी। वहीं, पांच अप्रैल को टेंट कर्मी अवनीश का शव का मिला था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शनिवार को आईआईएम रोड निवासी आकाश यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही है।

### यात्रियों का मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** चारबाग जीआरपी ने ट्रेनों में यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाला एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शनिवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बने ट्यूबवेल के पीछे से पकड़ा। पूछताछ में अभियुक्त अपना नाम विष्णु सोनकर 25 वर्ष मौलवीगंज अमीनाबाद बताया। जीआरपी प्रभारी संजय खरवार ने बताया कि अभियुक्त ट्रेनों में यात्रियों के सो जाने पर मोबाइल, ज्वैलरी व अन्य सामान चोरी करता है। आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ है।

# ग्रीष्म लहर ने 47 और जान ली

संवाददाता



**लखनऊ।** बुन्देलखंड व कानपुर से सटे इलाकों में शनिवार को भी ग्रीष्म लहरी जानलेवा साबित हुई। लू ने बुंदेलखंड और मध्य उत्तर प्रदेश में 47 लोगों की जान ले ली। इनमें सबसे ज्यादा आठ लोगों की जान बांदा में चली गई। तप रहे चित्रकूट में पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। हमीरपुर और महोबा में गर्मी की चपेट में आने के बाद चार-चार मौतें हुईं। प्रयागराज में लू से आठ, प्रतापगढ़ में 10 और कौशाम्बी में दो लोगों की लू से मरने की खबर है।

पूर्वांचल में शनिवार को चुनाव ड्यूटी में लगे तीन मतदानकर्मियों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें दो कर्मचारी मिर्जापुर और एक गाजीपुर का है। शुक्रवार को भी पोलिंग पार्टियों के रवानगी के दौरान ताप लगने से 25 कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

मिर्जापुर में कटरा निवासी 48 वर्षीय उमाशंकर नपा में सफाईकर्मी था। पालीटेक्निक में उसकी ड्यूटी लगी थी। वहां लू लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं चील्ह के खुलुआ गांव निवासी सफाईकर्मी 48 वर्षीय लालबहादुर यादव की मझवां के आही मतदान केंद्र पर ड्यूटी थी। अचानक वह जमीन पर गिरा, कुछ ही देर में उसकी जान चली गई।

मिर्जापुर में ही अलग-अलग क्षेत्रों में चार अन्य की गर्मी से मौत हुई है। इधर, गाजीपुर के खानपुर में तैनात सफाई कर्मचारी प्रमोद कुमार की जंगीपुर में चुनाव ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गई। वह अचेत होकर गिर गया। जिला अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर, बलिया में पंदह ब्लॉक के चक बहाउद्दीनपुर बूथ पर वोट देने आए 60 वर्षीय रामबचन की जान चली गई। वह कतार में खड़े थे, तभी गश खाकर गिर गए। गौरतलब है कि पिछले तीन दिन से लगातार गर्मी की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हो रहीं हैं। शुक्रवार को भी पूर्वांचल में 25 मतदानकर्मियों समेत 82 लोगों की मौत हो गई थी। सबसे अधिक मिर्जापुर में 13 मतदानकर्मियों समेत 24 की जान गई थी।

मध्य यूपी के कन्नौज और औरैया में एक-एक मौत हुई है। लखनऊ में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संग्रहण के लिए रमाबाई अम्बेडकर रैली स्थल पर बने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तैनात एक पीएसी जवान आदेश प्रजापति की मौत हो गयी।

उधर, उरई में दिनभर सूरज की तपिश से झुलसे लोगों को देर शाम आंधी और हल्की बारिश से कुछ राहत मिली। फिलहाल नौतपा में जानलेवा में बनी प्रचंड ग्रीष्म लहर उत्तर प्रदेश से अब विदाई ले रही है। राज्य के अधिकांश हिस्सों से यह खत्म हो गयी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार कानपुर, बुन्देलखंड और पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों से रविवार तक ग्रीष्म लहर का प्रकोप खत्म हो जाएगा।

पछुवा के बजाए अब बह रही पुरवाई की वजह से चढ़ते हुए पारे में अब गिरावट का दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ गरज-चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया है। अगले तीन दिनों में प्रदेश में दिन के तापमान दो से चार डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं।

उधर, दक्षिणी-पश्चिमी मानसून मध्य अरब सागर की ओर बढ़ने लगा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में कर्नाटक, रायलसीमा, तमिलनाडु और दक्षिणी-पश्चिमी बंगाल में मानसून की गतिविधियां शुरू होंगी।आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश में सबसे गरम स्थान बागपत, गौतमबुद्धनगर और कानपुर एयरफोर्स पर क्रमशः 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा आगरा में 44.5, अयोध्या में 44.5, मथुरा वृंदावन में 44.6, कन्नौज में 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## तीन मंजिला इमारत में लगी आग

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा नगर सेक्टर-17 इलाके में 3 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से मकान मालिक आंशिक रूप से झुलस गया। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से उसका अस्पताल में इलाज कराया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह 9:30 बजे इंदिरा नगर फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना मिली। मौके से फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर पता चला सुभाष चंद्र मिश्रा के मकान की पहली मंजिल पर आग लग गई है। किचन में रखे सिलेंडर में आग लगी थी। जिसे पंपिंग करके हॉज रील के माध्यम से पानी डालकर बुझाया गया। आग को पूरी तरह बुझाने के बाद मकान का निरीक्षण किया गया। जिसमें पता चला मकान के पहली मंजिल पर बने 3 कमरे और किचन पूरी तरह जल गया है। जिसमें दो किराएदार रहते थे। आग बुझाने के दौरान मकान मालिक सुभाष चंद्र शुक्ला भी झुलस गया। जिसको पुलिस और आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। मकान में किराए पर मुतफीक, बाराबंकी के रहने वाले रितेश और अर्जुन रहते हैं। तीनों शख्स फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं।

## कल्ली पश्चिम में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**लखनऊ।** कल्ली पश्चिम में शोहदे ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख पुकार पर महिला के पति के आने पर वह धमकाते हुए भाग निकला। तहरीर पर पीजीआई पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। कल्ली पश्चिम निवासी पीड़िता ने मुताबिक बुधवार दोपहर वह घर में अकेली थी। इस बीच मोहनलालगंज के राजाखेड़ा निवासी मनोज कुमार घर में घुस आया। आरोपित उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। पीड़िता खुद को बचाने के लिए चीख पुकार मचाने लगी। इस बीच पीड़िता के पति आ गए। उन्हें देख आरोपित मनोज जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पकड़े जाने के डर से मनोज अपना मोबाइल फोन और बाइक वहीं छोड़कर भाग गया। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश तिवारी के मुताबिक तहरीर पर आरोपित मनोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गुड़म्बा और इन्दिरा नगर में रो हाउस सील

- 30 बीघा जमीन पर बनाए जा रहे थे रो-हाउस
- चार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी सील किए गए

संवाददाता

**लखनऊ।** शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ एलडीए की ओर से शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने गुड़म्बा और इन्दिरा नगर में चार अवैध व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील किए। साथ ही 30 बीघा क्षेत्रफल पर बनाए जा रहे अवैध रो हाउस भी सील कर दिए।

एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि कुर्सी रोड स्थित गुड़म्बा चौराहा बस स्टॉप के पास 1800 वर्गफुट क्षेत्रफल पर बेसमेंट और भूतल में दुकानें बनाई जा रही थीं। यह अवैध निर्माण राकेश सिंह व अन्य करा रहे थे। इसी तरह गुड़म्बा के अतरौली में सृष्टि अपार्टमेंट के सामने 2500 वर्गफुट पर बेसमेंट का निर्माण और इतने ही क्षेत्रफल में भूतल निर्माण चल रहा था। यह निर्माण राम सिंह व अन्य करा रहे थे। इन निर्माणों के लिए प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं कराया गया था। विहित कोर्ट ने इन मामलों में सीलिंग के आदेश पारित किए थे। इनका शनिवार को पालन कराया गया।

वहीं, इन्दिरा नगर के चांदन में मानस सिटी के पास अमर अग्रवाल एवं अन्य रो हाउस बनवा रहे थे। इसी स्थान पर अमर अग्रवाल की ओर से 10 हजार वर्गफुट पर तीन-तीन मंजिला के दो शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनवाए जा रहे थे। इनके लिए भी मानचित्र स्वीकृत नहीं कराए गए थे। इनको पूर्व में सील किया गया था लेकिन चोरी छिपे निर्माण हो रहा था। ऐसे में प्रवर्तन जोन की टीमों ने फिर से इनको सील कर दिया।

## लखनऊ में एसीपी-एसएचओ की कॉल स्पूफिंग करने वाला अरेस्ट

- 6 साल से फरार था 50 हजार का इनामी बदमाश, यूपी एसटीएफ ने पकड़ा

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ से यूपी एसटीएफ ने अधिकारियों की कॉल स्पूफिंग के मामले में 6 साल से फरार 50 हजार का इनामी एक शख्स को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने शनिवार को आरोपी को जेल भेज दिया। गिरफ्तार शख्स पहले भी कई मामलों जेल में जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार शख्स देवेंद्र प्रताप सिंह (37) अमेठी के पीरपुर का रहने वाला है। यूपी एसटीएफ ने उसे लखनऊ के इम्पीरियल मल्टीसिटी अस्पताल से पकड़ा है। एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर देवेंद्र लखनऊ में किसी से मिलने आ रहा है।



देवेंद्र पर गाजियाबाद में ऐप के जरिए पुलिस अधिकारियों के नंबर का इस्तेमाल कर कॉल स्पूलिंग करके रंगदारी मांगने का मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद से देवेंद्र फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था।

**कई मामलों में जा चुका जेल:** देवेंद्र ने पूछताछ में बताया, बीएससी सेकेंड ईयर तक पढ़ाई की है। उसके पिता उमाशंकर की सुलतानपुर जनपद में ब्रिटानिया बिस्कुट कंपनी की एजेंसी थी। जो साल 2011 में बंद हो गई थी। इसके बाद परिवार के अयोध्या में आकर रहने लगा। अयोध्या में प्रॉपर्टी और पीजी का काम करने लगा। जहां उसकी मुलाकात पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सूरजभान सिंह और राम कुमार से हुई। इसके बाद सड़क की ठेकेदारी का काम करने लगा। जहां घोटाला होने के बाद झांसी, उन्नाव और मैनपुरी में केस दर्ज हुआ। घोटाले में देवेंद्र जेल चला गया। जहां उसकी मुलाकात रायबरेली के रहने वाले अतुल सिंह से हुई। वहां से छुटने के बाद प्रॉपर्टी का काम करने लगा। 2016 में शराब के ठेके पर सेल्समैन से झगड़ा हो गया। लूटपाट के मामले में फिर जेल चला गया। जेल में रहने के दौरान अतुल सिंह के साथ मिलकर कॉल स्पूफिंग ऐप का इस्तेमाल कर पुलिस अधिकारियों एसएचओ और एसीपी के सीयूजी नंबर का इस्तेमाल कर रंगदारी मांगने लगा।

## चौक से केजीएमयू के बीच मुख्य सड़क धंसी

संवाददाता

**लखनऊ।** चौक से केजीएमयू जाने वाले मुख्य रास्ते पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है। सड़क कई जगह नीचे की ओर दब गई है। शनिवार हुई इस घटना के बाद बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। वहीं, स्थानीय लोगों में आक्रोश है, क्योंकि वे कई दिनों से इसकी शिकायत कर रहे थे। जब सड़क धंस गई, तब नगर निगम और जलकल के अफसर मौके पर पहुंचे।

सड़क के नीचे एक तरफ अंग्रेजों के समय का पुराना नाला है। पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने बताया कि नाले की तरफ सड़क नीचे धंसी है। पुराने जर्जर नाले का एक हिस्सा पूर्व में क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोग



लम्बे समय से शिकायत कर रहे थे लेकिन जलकल अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। चरक पैथालॉजी के एमआरआई सेंटर में नाले के पानी रिसाव हो रहा है। पैथालॉजी के प्रमोद सिंह ने बताया कि यह शिकायत काफी समय से है। जलकल को सूचना दी गई थी। यहां के लोगों में गुस्सा इस बात को लेकर है कि सड़क धंसने से हादसा भी हो सकता था। शहर में तीन वर्षों के दौरान आधा दर्जन से अधिक सड़क धंसने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## फ्रिज का कंप्रेसर फटा, दुकानदार की मौत

- धमाके की आवाज से दहल उठा इलाका, लोग बोले- पेट्रोल से भड़की आग

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब के कोटवा गांव में फ्रिज का कंप्रेसर फटने से हड़कंप मच गया। हादसे में दुकानदार शिव बहाल मौर्या की मौत हो गई। शॉर्ट-सर्किट से लगी आग के बाद हादसा हुआ। दुकान में पेट्रोल बेचने का काम किया जाता है।

पेट्रोल रखे होने से आग धधक गई। हालांकि स्टॉक कितना था इसकी जानकारी नहीं मिली।

धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीकेटी फायर स्टेशन इंचार्ज प्रशांत कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं लखनऊ के इंदिरा नगर सेक्टर-17 में 3 मंजिल मकान में आग लग गई। मकान


मृतक- शिव बहाल मौर्या

मालिक झुलस गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। घटना शनिवार की सुबह करीब 10 बजे की है। 5 दिन पहले लखनऊ के मौलवीगंज में ्ष्ट की मरम्मत के दौरान कंप्रेसर फट गया था। हादसे में 3 लोग झुलस गए थे। सभी को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, हेल्फर की कंडीशन क्रिटिकल होने के कारण उसका दायां पैर भी काटना पड़ा था। घटना शनिवार रात की थी। शनिवार को दुकान में धमाके की आवाज से इलाका दहल गया। लोगों ने बताया कि लगा जैसे बम फटा हो। घायलों को अस्पताल भेजा गया। चश्मदीद अरशद कहते हैं कि मोहम्मद अलीम (35 एसी के कंप्रेसर में गैस रिफिलिंग करवा रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ। मृतक शिव बहाल मौर्या के परिवार में उनकी पत्नी सुषमा के अलावा 3 बेटी और 2 बेटे हैं। शिव बहाल मौर्या दुकान की कमाई से ही परिवार का खर्च चलाते थे। गांव के लोगों ने बताया कि घर में गरीबी है। खेती कम होने से परिवार के पास कमाई का और जरिया भी नहीं है। इस हादसे में मैकेनिक शरीफ, हेल्फर फैजान के साथ मोहम्मद अलीम भी झुलस गए। मोहम्मद अलीम का इलाज केजीएमयू ड्रामा सेंटर में हो रहा है।

## गर्मी में टीबी मरीजों की परेशानी बढ़ी

**लखनऊ।** भीषण गर्मी से टीबी मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मरीज बलगम के साथ खून, खांसी व सांस लेने की तकलीफ के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ठाकुरगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय (टीबी) अस्पताल में शनिवार को टीबी के आठ नए मरीज भर्ती किए गए। अस्पतालों की ओपीडी में मरीज बढ़ गए हैं।

टीबी अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि गर्मी से टीबी के मरीज बढ़ी हुई समस्या के साथ अस्पताल आ रहे हैं। टीबी की दवाइयां अधिक क्षमता की होने के साथ ही गर्मी ने मरीजों को परेशान कर दिया है। एक सप्ताह पहले तक टीबी ओपीडी में औसतन 10 मरीज आते थे। अब यह संख्या बढ़कर 30 से 35 हो गई है। वहीं, भर्ती मरीजों की संख्या पहले एक व दो होती थी। अब यह संख्या आठ से 10 तक पहुंच गई है।

## व्यापारी से लूटकांड के 2 आरोपी गिरफ्तार

- 5 बदमाशों ने 3.5 लाख की लूट की थी, दुकान में काम करने वाले नौकर ने की थी मुखबिरी

संवाददाता

**लखनऊ** लखनऊ की वजीरगंज पुलिस ने 26 मई को व्यापारी से लूटकांड का खुलासा किया है। 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। लूट में व्यापारी का ही एक नौकर शामिल था। 3.5 लाख रूपए की लूट की गई थी। लूटकांड में 5 लोग शामिल थे। 3 की तलाश पुलिस कर रही है। 26 मई की रात 11 बजे बाइक सवार बदमाशों ने कुंडी रकाबगंज के रहने वाले कृष्ण गोपाल वर्मा से रूपए लूटे थे। कृष्ण गोपाल की अहियागंज के पास स्वाती ट्रेडर्स के नाम से जनरल स्टोर है। जहां से लौटने के दौरान 5 बदमाशों ने प्लानिंग के तहत घटना को अंजाम दिया था।



शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि लूटकांड में शामिल 2 आरोपी डालीगंज पुल के पास पहुंचने वाले हैं। पुलिस वहां पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान गायत्री-नगर- 3, मड़ियांव के रहने वाले नवीन वाजपेई (24) पुत्र राम नारायण वाजपेई और रकाबगंज, वजीरगंज के रहने वाले गोपाल द्विवेदी (26) पुत्र सुशील द्विवेदी के रूप में हुई है। गोपाल द्विवेदी व्यापारी की दुकान पर एक साल पहले काम करता था। इसके बाद काम छोड़कर चारबाग में काम करने लगा था। जिसकी वजह से गोपाल को व्यापारी की सारी गतिविधियां के बारे पता था। पूछताछ में नवीन ने बताया व्यापारी से लूट की घटना में पांच लोग शामिल थे।। घटना के लिए अलीगंज से एक स्कूटी चुराई गई थी। गाड़ी का नंबर प्लेट बदलकर लूट की गई थी। 1.25 की लूट के पैसों में नवीन ने एक लाख रुपए लिए जबकि गोपाल ने 25 हजार।

घटना के बारे में पूछने पर बताया कि गोपाल से मेरी मुलाकात नाका में हुई थी। दोनों ने लूट की योजना बनाई थी। दोनों ने तय किया था कि अहियागंज के व्यापारी कृष्ण गोपाल वर्मा का काम अच्छा चलता है। वो देर रात दुकान बंद कर घर लौटता है। तीन और लोगों को शामिल कर घटना की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## मंडी में दोपहर से शाम चार बजे तक कारोबार पर रोक

**लखनऊ।** भीषण गर्मी को देखते हुए कृषि मंडी में दोपहर से लेकर शाम चार बजे तक कारोबार पर डीएम ने रोक लगा दी है।

जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार लू का प्रकोप, प्रचंड गर्मी और आग लगने की घटना से बचाव के लिए यह निर्णय लिया गया है। कारोबारियों, मजदूरों, पल्लेदारों और अन्य आने वालों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए 20 जून तक के लिए 12 बजे से 4:00 बजे तक कारोबार प्रतिबंधित किया गया है।

डीएम ने बताया कि शेष अवधि में पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही सभी कार्य संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहाकि इन आदेशों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नॉवेल्टी टॉकीज के जीएम को धमकाया, गार्डों से की मारपीट

संवाददाता

**लखनऊ।** लालबाग स्थित नावेल्टी सिनेमा हॉल में घुस कर अधिवक्ता के वेष में आए दो युवकों ने हंगामा किया। सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट करते हुए महाप्रबंधक का मोबाइल नम्बर मांगा। सिक्योरिटी गार्ड के मोबाइल नम्बर नहीं बताने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। यह आरोप लगाते हुए कैसरबाग कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

एमजीएस ग्रुप के महाप्रबंधक संजय कुमार 27 मई को वह ऑफिस में नहीं थे। रात करीब 8.30 बजे अधिवक्ता की ड्रेस पहले दो लोग सिनेमा हॉल पहुंचे। जिन्होंने महाप्रबंधक से मिलने की बात कही। सुरक्षा गार्डों ने संजय के दफ्तर में नहीं होने की जानकारी दी। जिस पर दबंग गार्ड को धक्का देते अंदर चले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने गार्ड अमित के साथ मारपीट की। बीच



बचाव करने पर महिला गार्ड के साथ आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकले। संजय को सिक्योरिटी गार्ड ने वारदात के बारे में बताया। इस बीच आरोपियों ने फोन कर संजय को धमकी देते हुए सिनेमा हॉल परिसर में बने एक प्रतिष्ठान को खाली कराने से मना किया। बात नहीं मानने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह के मुताबिक महाप्रबंधक ने आरोपियों की पहचान अखिल प्रताप और योगेश के तौर पर की है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में एक दुकान और सिनेमा हॉल ग्रुप के बीच किराएदारी का विवाद सामने आया है।

## संक्षिप्त खबरें

### होटल के कमरे में पड़ा मिला बैंक पीओ का शव

**लखनऊ।** हरियाणा के अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) कैनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। ये सभी लोग सेक्टर-8 स्थित होटल एवीपीएस में ठहरे थे। नवीन कमरा नंबर 210 में ठहरे थे। बीती रात नवीन की तबीयत अचानक खराब हुई। साथी उनको पास में ही स्थित सुषमा अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। नवीन होटल के कमरे वापस पहुंचे और सो गए। सुबह 11 बजे जब वह सोकर नहीं उठे तो साथियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो नवीन का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात का पता चला है कि नवीन की मौत बीमारी के चलते हुई है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगा।

### मुख्य प्रबंधक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच ने बैंक आफ बड़ौदा की ललितपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक भाष्कर द्विवेदी के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीबीआई ने इंस्पेक्टर संदीप थलोर की तहरीर पर भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 की धारा 13(2) व 13(1)(ई) तथा भ्रष्टाचार निरोधक कानून 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) व 13(1)(बी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह तहरीर उनकी जांच रिपोर्ट पर आधारित है। मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर अंकुर त्रिपाठी को सौंपी गई है। इंस्पेक्टर संदीप थलोर की जांच में पता चला कि भाष्कर द्विवेदी ने पहली नवंबर 2017 से पहली मई 2023 के बीच अपनी आय से कुल 126.41 प्रतिशत अधिक संपत्ति बनाई। इस अवधि में उनकी कुल आय 58,22,000 रुपये थी जबकि इसी अवधि में उन्होंने 1,10,19,900 रुपये की परिसंत्तियां बनाईं और 21,62,000 रुपये अन्य मदों में खर्च किए। भाष्कर द्विवेदी जुलाई 2008 में विजया बैंक में आफिसर स्केल-वन में भर्ती हुए थे, जिसका बाद में बैंक आफ बड़ौदा में विलय हो गया।

### पीएम मोदी भोजपुरी भाषा और संस्कृति के विरोधीः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वाराणसी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय की भोजपुरी भाषा में लिखी गई अपील को प्रकाशित कराने की अनुमति नहीं दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोजपुरी भाषा व संस्कृति के विरोधी हैं, जबकि वाराणसी भोजपुरी संस्कृति की राजधानी है। वाराणसी में चुनाव गुजराती बनाम स्थानीय है। सीपी राय ने कहा कि बनारस से कोलकाता तक जहाज चलाने का वादा किया था। लेकिन वादे हवा हवाई है, कोई कार्य नहीं किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनाव में हार होने जा रही है।

### रेलवे ट्रैक पर गिरा पेड़, चार ट्रेनें पांच घंटे फंसीं

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड में दौड़ रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर खड़ी हो गई। घंटों रेलवे ट्रैक बाधित होने पर यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की। आनन-फानन में रेल कर्मी रात में मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाकर ओएचई लाइन जोड़ी गइ, जिसके बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हुआ। जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेनें पांच घंटे तक खड़ी रहीं। इस दौरान यात्रियों को ढेरों परेशानी का सामना करना। ट्रेन लेट होने से यात्रियों ने अपनी पीड़ा एक्स पर जाहिर की। इस दौरान पेड़ गिरने की वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

### पुलिस कमिश्नर को फर्जी आईडी से भेजा ई-मेल, मुकदमा

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर लखनऊ की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर indiancybercrimeunit@gmail.com से एक मेल भेजा गया। जिसमें कोर्ट आर्डर की कॉपी लगाते हुए चाइल्ड पोनोग्राफी के संबंध में जवाब मांगा गया। फर्जी आईडी से ई-मेल आने की सूचना जेसीपी कानून एवं व्यवस्था को दी गई। जिनके निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

साइबर क्राइम थाने में तैनात दरोगा गुलाम हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया है। उनके मुताबिक सात मई की शाम करीब छह बजे पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर की आधिकारिक ई-मेल cp-pol.lu@up.gov.in पर indiancybercrimeunit@gmail.com से एक मेल भेजा गया। जिसमें चाइल्ड पोनोग्राफी और महिला संबंधी अपराध के मामले में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। आरोपियों ने फर्जी कोर्ट आर्डर भी अपलोड किया था। जिसमें सीबीआई की मोहर भी लगाई थी। पुलिस कमिश्नर की आईडी पर आए फर्जी ई-मेल को गम्भीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने साइबर क्राइम थाने को ई-मेल भेजने वाले आईपी एड्रेस को ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक की पड़ताल में साइबर ठगों की तरफ से ई-मेल भेजे जाने की बात सामने आई है। विस्तृत जांच के लिए गूगल हेडक्वार्टर से ई-मेल आईडी बनाने वाले आईपी एड्रेस की डिटेल मांगी गई है। इसके साथ ही यह आईडी किसी लोकेशन से इस्तेमाल हो रही है। इसकी जांच भी पुलिस कर रही है।

### अश्लील वीडियो वायरल करने का झांसा देकर 50 हजार ऐंठे

**लखनऊ।** नगराम में जालसाज ने अश्लील वीडियो वायरल करने का झांसा देकर युवती से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया कि सोमवार को उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन उठाते ही जालसाज ने कहा कि उनका अश्लील वीडियो उसके पास है। वह धमकाने लगा कि 50 रुपये तुरंत खाते में भेजा तो वह वीडियो वायरल कर देगा। बातों में आकर उन्होंने 50 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद और मांग बढ़ने पर उन्होंने परिवार वालों को बताया। इसके बाद उन्होंने फोन किया तो जालसाज से संपर्क नहीं हो सका तो उन्हें खुद के साथ ठगी का एहसास हुआ। थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### घर में घुस कर की महिला से छेड़छाड़

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली में महिला ने पड़ोसी के खिलाफ घर में घुस कर छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक 28 मई को वह घर में अकेले थी। पति ई-रिक्शा चलाने गए हुए थे। इस बीच राजाखेड़ा निवासी मनोज घर में घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ गलत हरकत की। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा। इस बीच महिला का पति घर आ गया। जिसने मनोज को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी मारपीट कर भाग निकला। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गोमतीनगर में तीन दिन से लापता पेंटर का शव मिला

**लखनऊ।** गोमतीनगर में तीन दिन से लापता पेंटर का शव गुरुवार को हैनीमैन क्रासिंग के पास मिला। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोमतीनगर विराज खंड पांच निवासी संजय यादव के मुताबिक भाई सुशील यादव (32) पेंटिग का काम करता था। वह नशे का आदी था। सुशील सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कुछ समय से पेंटिंग का काम कर रहा था। पांच दिन पहले वह घर से काम पर गया था। तीन दिन पहले वह काम कर साइट के निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका था। गुरुवार को वह खोजते हुए वह सिविल अस्पताल पहुंचे तो पता लगा कि उसकी मौत हो चुकी है। शव पोस्टमार्टम हाउस पर है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त भाई सुशील यादव के रूप में की। सुशील का शव शुक्रवार को हैनीमैन क्रासिंग के पास मिला था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# दो वर्ष से दो जोन में फंसी मंजू को मिला इंसाफ

हरीनगर निवासी मंजू रस्तोगी का मकान बशीरतगंज गणेश गणेशगंज वार्ड में है। पहले यह नगर निगम के जोन दो में आता था। परिसीमन के बाद जोन एक में आ गया।

संवाददाता

**लखनऊ।** हरीनगर निवासी मंजू रस्तोगी का मकान बशीरतगंज गणेश गणेशगंज वार्ड में है। पहले यह नगर निगम के जोन दो में आता था। परिसीमन के बाद जोन एक में आ गया। 2020 तक उन्होंने जोन दो में ही टैक्स जमा किया था। जोन एक में उनका कोई रिकॉर्ड ही नहीं था। वह जोन दो में टैक्स देने पहुंची तो जोन दो के कर्मचारियों ने उन्हें जोन एक भेज दिया। जोन एक से उन्हें नोटिस भी जारी हुई लेकिन जोन एक भी टैक्स जमा करने को तैयार नहीं था। उसने फिर जोन दो भेज दिया। इस तरह जोन एक व दो के सीमा विवाद में उनके घर का टैक्स फंसा था। करीब दो वर्ष से वह और उनका परिवार नगर निगम के चक्कर लगा रहा था, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे थे।

शुक्रवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को कैंप में समस्या बतायी तो नगर आयुक्त ने दोनों जोनों के अधिकारियों को बुला लिया। कुछ ही मिनट में समस्या दूर कर दी गई। अकेले वे ही नहीं, उनके जैसे 258 लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने मिली। कैंप में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, डॉ अरविंद राव ने समस्याएं सुनीं। नगर निगम मुख्यालय में लगे जीआईएस सर्वे समाधान दिवस कैंप में 258 लोग समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इनमें सभी की समस्या का निदान कैंप में कर दिया गया। कैम्प में शिकायत लेकर आने वाले 100 प्रतिशत लोगों के टैक्स कम हो गए। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह खुद भी पूरे समय कैंप में बैठे रहे, जिससे कोई अधिकारी इधर-उधर नहीं जा पाया।

रुचि खंड एक शारदा नगर योजना के शिव बहादुर श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनके ईडब्ल्यूएस मकान जिसका नंबर 3/125 तथा 3/126 है। उसका हाउस टैक्स 2023-24 तक केवल 674 रुपए था। अब जीआईएस से 59,529 हो गया है। उनका कहना है कि वह हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं।

फिर भी इतना बढ़ा दिया गया। नगर आयुक्त ने जोन 8 के जोनल अधिकारी अजीत राय को तत्काल बुलाकर इनका हाउस टैक्स सही कराया। इससे वह बहुत प्रसंन्न हुए। समाधान दिवस में जोनवार 258 शिकायतें आयीं। सभी का निस्तारण मौके पर ही हो गया।

## आज शाम साढ़े छह बजे से पहले एक्जिट पोल दिखाया तो मिलेगा दण्ड

**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के शनिवार को सम्पन्न होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से पहले प्रचार माध्यमों पर चुनाव के संभावित नतीजों के आंकलन और विश्लेषण पर पाबंदी लगा दी है। इसका उल्लंघन करने वाले दण्ड के भागीदार होंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर लगाये गये प्रतिबन्धों का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की उप-धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसका उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों दण्ड दिए जा सकते हैं। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा उप चुनाव से संबंधित एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर शनिवार पहली जून को शाम साढ़े छह बजे तक पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

# कोर्ट परिसर में पिस्टल के साथ पहुंचा अपराधी

जज की गाड़ियों के पास कर रहा था रेकी

संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी के जिला न्यायालय में शुक्रवार को पेशी पर आए एक अपराधी के पास पिस्टल मिलने से हड़कंप मच गया। कोर्ट में मौजूद वकीलों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जिस व्यक्ति के पास कोर्ट परिसर में पिस्टल बरामद हुई है, वह जज पार्किंग के पास टहल रहा था।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को वजीरगंज थानांतर्गत जिला न्यायालय में स्थित जज पार्किंग के पास एक व्यक्ति पिस्टल के साथ जज की गाड़ियों के पास खड़ा था। अधिवक्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि एक संदिग्ध युवक जज की गाड़ियों के पास रेकी करता हुआ दिख रहा है। जिसके बाद आरोपी युवक को पुलिस ने पिस्टल के साथ हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवक चंद्रपाल सिंह है, जिसके खिलाफ कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी वेस्ट दुर्गेश कुमार के मुताबिक, चंद्रपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ वह न्यायधीश की गाड़ियों के पास क्या कर रहा था, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा कोर्ट के गेट पर सुरक्षाकर्मियों के मौजूद होने के बाद भी वह कोर्ट परिसर में पिस्टल कैसे ले आया, इसकी भी जांच करवाई जा रही है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की मौत,हत्या का आरोप

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में गुरुवार रात विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। तीन माह पहले उसकी शादी हुई थी। मां ने बेटी की हत्या कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। खदरा निवासी राधा के मुताबिक बेटी शिवी (23) की शादी तीन माह पहले ठाकुरंगज के धनिया महरी पुल निवासी रवि गुप्ता के साथ की थी। रवि सब्जी पूड़ी की दुकान चलाता है। ससुराल वाले छोटी- छोटी बात पर परेशान करते थे। बेटी शिवी दो दिन पहले ही मायके से ससुराल गई थी। गुरुवार रात दामाद रवि ने फोन कर बताया कि शिवी ने फांसी लगा ली है। उसे एरा मेडिकल कॉलेज ले कर आए हैं। भागकर वह अस्पताल पहुंचती तो शिवी की मौत हो चुकी थी। राधा का आरोप है कि शिवी के ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर फंदे से लटकाया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए अवश्य करें मतदानः सीएम योगी

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। सीएम योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। उल्लेखनीय है कि सातवां चरण उत्तर प्रदेश के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इस चरण में वाराणसी से पीएम मोदी स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि गोरखपुर में भी मतदान होना है जो सीएम योगी का अपना क्षेत्र है।

सीएम योगी ने सातवें चरण में मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा, ÷लोक सभा चुनाव का आज सातवां चरण है। सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि %आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत%के निर्माण और रामराज्यकी संकल्पना को साकार करने हेतु मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। इसलिए, पहले मतदान, फिर जलपान।

मालूम हो कि शनिवार को देश भर में 57 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न होगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन के लिए भी मतदान होना है। यूपी की जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अ0जा0), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज (अ0जा0) शामिल हैं। वहीं दुद्धी विधानसभा सोनभद्र जनपद में आती है।

# यूट्यूब पर खोजा नाइट्रोजन से आत्महत्या का तरीका...

सुसाइड नोट में सिद्धार्थ ने दो और तरीकों की बात की

संवाददाता

**लखनऊ।** मैंने यू-ट्यूब पर खुदकुशी करने के तरीके सर्च किए...जिसमें कई तरीके देखे...अधिकतर तरीके ऐसे थे जिनसे मौत बेहद दर्दनाक होती..। तभी नाइट्रोजन से किस तरह आत्महत्या की जा सकती है, ये देखा। फिर यही तरीका अपना रहा हूं। ये इसलिए..ताकि मौत आसान हो।

हैरान करने वाले तरीके से खुदकुशी करने को लेकर सिद्धार्थ ने ये बातें सुसाइड नोट में लिखी हैं। सुसाइड नोट के मुताबिक उसने इसके अलावा दो और तरीके से सुसाइड करने के बारे में सर्च किया, जिसमें पहला था जहर खाकर और दूसरा था फांसी लगाकर। ये भी पता करने की कोशिश की कि किसमें कितना वक्त लगेगा, किसमें कितनी तकलीफ होगी और खुदकुशी के बाद शरीर पर क्या असर पड़ेगा। नाइट्रोजन से खुदकुशी के बारे में सर्च करने पर जब पता चला कि महज 40-50 सेकंड में ही मौत हो जाएगी, तो उसने यही तरीका जान देने के लिए तय किया।

भोपाल में रह रहे लखनऊ के आईटी प्रोफेशनल सिद्धार्थ खुराना ने नाइट्रोजन सिलेंडर की मदद से आत्महत्या कर ली। महानगर निवासी किराना व्यापारी अरुण खुराना का बेटा सिद्धार्थ भोपाल में मिसेदा थानाक्षेत्र स्थित निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट में किराये पर रहता था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में काम करते थे, लेकिन छह महीने से वर्क फ्रॉम होम काम कर रहे थे।

**कब्जे में लिया मोबाइलः** स्थानीय पुलिस ने सिद्धार्थ का मोबाइल कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

पुलिस उसके साथ रहने वाली महिला मित्र से भी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज करेगी। सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग की भी फोरेंसिक जांच की जाएगी। पुलिस तफ्तीश कर पता करेगी कि खुदकुशी की वजह कोई शख्स तो नहीं? अगर इससे संबंधित कोई साक्ष्य मिलते हैं तो पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**खुदकुशी की वजह गंभीर बीमारी या फिर कोई और कारणः** पुलिस को सिद्धार्थ के परिजनों ने बताया कि उनका बेटा गंभीर बीमारी की वजह से परेशान चल रहा था। अब सवाल है कि क्या खुदकुशी करने के पीछे यही बीमारी है। या फिर कोई और कारण। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ये स्पष्ट हो सकेगा।

## ठाकुरगंज पुलिस ने कराया बुजुर्ग का अंतिम संस्कार



संवाददाता

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में गुरुवार को बुजुर्ग की बीमारी से मौत हो गई। उनके परिवार में कोई नहीं था। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने शुक्रवार को बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करवाया।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक गुरुवार को फरीदीपुर स्थित घर में राम नारायण मौर्य (65) की बीमारी के चलते मौत होने की सूचना मिली। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां उनके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था। पड़ोसियों ने बताया कि राम नारायण घर में अकेले रहते थे। वह घर के बाहर चाय का होटल चलाते थे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवा दिया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार, इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय व अन्य पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग की अर्थी को कंधा दिया। पुलिस ने राम नारायण के शव का अंतिम संस्कार गुलाले घाट पर करवाया। पुलिस का यह चेहरा देख हर कोई उनकी तारीफ कर रहा था।

# एलडीए के पांच अपार्टमेंट के निर्माण में ढेरों खामियां

संवाददाता

**लखनऊ।** एलडीए के पांच अपार्टमेंट में बड़े पैमाने पर खामियां पाई गई हैं। इनकी फिनिशिंग में बड़ी लापरवाही मिली है। बाकी तमाम काम भी काफी खराब मिले हैं। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। समिति शनिवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष, कमिश्नर और शासन को जांच रिपोर्ट भेजेगी। एलडीए के पांच अपार्टमेंट की हालत काफी खराब है। प्राधिकरण वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी निरीक्षण को पहुंचे तो दंग रह गए। स्थिति बेहद खराब मिलने पर जांच का आदेश दिया गया। एलडीए सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई। इसमें अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, एलडीए मुख्य अभियंता एके सिंह, पीयू के मुख्य अभियंता बतौर सदस्य शामिल किए गए। समिति ने 25 मई को इनका विस्तृत निरीक्षण किया था। रिपोर्ट में एलडीए इंजीनियरों का कहना है कि फ्लैटों में बहुत खामियां हैं। इनका निर्माण वर्ष 2014 से 2017 के बीच हुआ था। तत्कालीन अधिकारियों ने बेहद लापरवाही बरती। इस वजह से ये खंडहर दिख रहे हैं। कोई भी इन्हें खरीदने को तैयार नहीं है।

**ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के साथ खामियां दूर करने को नोटिसः** एलडीए के रतनलोक अपार्टमेंट, आद्रा अपार्टमेंट, रश्मि लोक अपार्टमेंट, मिर्गसिरा अपार्टमेंट और प्रधानमंत्री आवास योजना शारदा नगर, बसंत कुंज के मकानों की दशा खराब है। इन सभी का निर्माण ठेकेदार मेसर्स प्रताप हाइट्स ने किया था। पीएम आवास को छोड़कर भी इसके बनाए फ्लैट बिक नहीं रहे हैं। अब जांच कमेटी फ्लैटों का सुधार इसी बिल्डर से कराने की सिफारिश करने जा रही है। बिल्डर को अपार्टमेंट की सभी खामियों को दूर कराना होगा। न कराने पर प्राधिकरण इसे उसके हर्जे खर्चे पर खुद कराएगा।

## दो अलग-अलग तहसीलों के अंतर्गत करोड़ो से अधिक की सरकारी सम्पत्तियां हुई कब्ज़ा मुक्त

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों/संपत्तियों को कब्ज़ा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि/संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।उसी क्रम मे आज सरोजनीनगर तहसील के ग्राम कासिमपुर पकरी एवं बी.के.टी. तहसील के ग्राम रसूलपुर कायस्थ अंतर्गत सरकारी भूमियों को कब्ज़ा मुक्त कराया गया। सरोजनी नगर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम - कासिमपुर पकरी की खसरा संख्या 46 क्षेवफल 0.1010 हे. तालाब की भूमि है जो नगर निगम में निहित संपत्ति है। पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में उक्त खसरा संख्या पर किये गए अवैध कब्जे को नीरज कटियार नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव, मनोज आर्य, अनूप गुप्ता, राजेन्द्र यादव द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया। शेष स्थाई निर्माण के सम्बन्ध में पी.पी. एक्ट की कार्यवाही प्रचलित की जाएगी। उक्त अवैध कब्जों से 2500 वर्गफुट रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत 1,2500000 (एक करोड़ पच्चीस लाख) के लगभण है।

इसके अतिरिक्त शुक्रवार को बीकेटी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम रसुलपुर कायस्थ के गाटा स0 137 व 123 चारागाह की भूमि है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर कायस्थ तहसील बी.के.टी. लखनऊ में गाटा स0 137 व 12 3 पर जो नगर निगम में निहित भूमि है,उस पर कुछ व्यक्तियो द्वारा इंट, बालू, डालकर कब्जे का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह व लेखपाल संदीप, प्रदीप गिरी, एवं रा0नि0 अविनाश तिवारी के साथ जाकर उक्त स्थल पर से अतिक्रमण हटा दिया गया।

# अहिल्याबाई होल्कर ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम कियाः संजय श्रीहर्ष

महिला सशक्तिकरण व राम राज्य का अनूठा उदाहरण अहिल्याबाई होल्कर का शासन

संवाददाता



**लखनऊ।** सामाजिक असमरसता मंच अवध प्रान्त की ओर से शुक्रवार को विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ के अधीश सभागार में सामाजिक समरसता के आधार पर अहिल्याबाई होलकर का लोककल्याणकारी शासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष और मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केजीएमयू के माईक्रोबायलोजी विभाग की प्रोफेसर डा.शीतल वर्मा ने की। विषय प्रस्तावना सामाजिक समरसता मंच अवध प्रान्त के प्रमुख राजकिशोर ने रखी। कार्यक्रम का संचालन बृजनन्दन राजू ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जाति भेद से ऊपर उठकर काम किया। उन्होंने तपस्वी का जीवन जिया। सफेद चादर पर आसन लगाकर बैठती थीं। उनके पति,बेटा,सास,ससुर और दामाद समेत परिवार में 18 लोगों की मौत हुई। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अहिल्या बाई होल्कर भगवान् शंकर के प्रतिनिधि के रूप में सामाजिक समरसता के आधार पर वह अपने शासन का संचालन करती थी।

सम्पूर्ण देश के मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया।

## शराब पीने के लिए रुपये न देने पर रिक्शा चालक को पीटा

**लखनऊ।**आशियाना में गुरुवार रात शराब पीने के लिए रुपये देने से मना करने पर दबंगों ने रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित मौके से भाग निकले। पीड़ित द्वारा आशियाना थाने के सामने पहुंचकर शिकायत का वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। आशियाना सेक्टर-जी निवासी रिक्शा चालक सुरेश चंद्र (58) के मुताबिक गुरुवार रात 10 बजे वह घर के बाहर बैठे थे। इस दौरान पड़ोस के ही तीन-चार लोग उसके पास आए और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर नुकीली चीज से वार कर दिया। खुद को बचाने के लिए वह शोर मचाने लगे। आसपास के लोगों को आता देख आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## शराब की दुकानों के कियायेनामे के लिए देना होगा तय स्टांप शुल्क

स्टांप चोरी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता

**लखनऊ।** किराए पर लेकर शराब की दुकान चलाने वालों को तय दर के आधार पर स्टांप शुल्क देना अनिवार्य होगा। स्टांप विभाग जिलेवार इसके लिए जांच अभियान चलाने जा रहा है। प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन लीना जौहरी ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए आबकारी विभाग से सहायोग मांगा है।

शासनादेश में कहा गया है कि शराब की दुकानों का किरायानामा स्टांप अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर पट्टा या लीज के दायरे में आते हैं। इसीलिए तय दर से स्टांप देयता के आधार पर किरायेनामा बनाने के साथ ही इसका निबंधन कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है।

स्टांप अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर संबंधित अधिकारी जिसके समक्ष ऐसे किरायेनामे प्रस्तुत हो वह स्टांप की देयता का अनुपालन सुनिश्चित कराए, जिससे किरायानामे पर लगने वाला स्टांप शुल्क मिल सके। यह भी कहा गया है कि पता चला है कि पंजीकरण के लिए किरायेनामे स्टांप एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इससे राजस्व नहीं मिल पा रहा है।

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि स्टांप की देयता सुनिश्चित कराने और पंजीकरण के लिए उक्त किरायानामा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए आयुक्त आबकारी के स्तर से कार्यवाही की जाएगी। दुकान चलाने के लिए लाइसेंस देने से पहले पंजीकृत किरायानाम देखना अनिवार्य किया जाए।

## सम्पादकीय

# सांप्रदायिक सौहार्द

अकसर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदू एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफिया के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल हैं। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन अपने-अपने धार्मिक विधि-विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराएगा। जिन भवनों के अतिक्रमण हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है। इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, %%मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।%% हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बरसती रही।

इसी विश्वास का परिणाम है कि वे आज उन तीर्थयात्रियों के लिए उज्जैन में सुलभ मार्ग बना रहे हैं, जिनकी संख्या महाकाल लोक के निर्माण के बाद निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में एक उदार और जबावदेही शासक का दायित्व बनता है कि वह भोले शंकर के दर्शन हेतु जितने सरल उपाय हो सकें, उन्हें क्रियान्वित करें, यह काम इसी दृष्टिकोण के मद्देनजर किया जा रहा है। साफ है, जब केडी मार्ग का चौड़ीकरण पूर्ण हो जाएगा, तब दर्शनार्थी तो उसका लाभ उठाएंगे ही, प्रशासन को भी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। अन्यथा हम देख रहे हैं कि संकरे मार्गों पर ज्यादा भीड़ बढ़ जाने के कारण कई लोग दम घुट जाने से बेमौत मारे जाते हैं। धार्मिक यात्राओं में श्रद्धालुओं का इस तरह से मारे जाने की घटनाएं निरंतर देखने में आ रही हैं। धार्मिक नगरों में मार्गों का चौड़ा होना इसलिए भी जरूरी है, कि कहीं यदि किसी होटल या अन्य भवन में आगजनी की घटना घट जाती है तो चौड़े मार्गों से सुरक्षादलों और फायर बिग्रेड को मौके पर पहुंचने में बाधा सामने नहीं आती। यदि समय पर ये दोनों सुविधाएं घटनास्थल पर उपलब्ध हो जाती हैं तो भवन में फंसे लोगों के प्राण तो बचा ही लिए जाते हैं, आग पर नियंत्रण भी जल्द हो जाता है। इसलिए आग आसपास के इलाकों में नहीं फैल पाती। अतएव मार्गों के चौड़ीकरण में मंदिर या मस्जिद जैसी बाधाएं आती हैं तो उन्हें उज्जैन की तरह ही समन्वय व सौहार्द से हटा लेना चाहिए।

# चुनावी हिंसा पर लगी रहे लगाम

दिलीप त्रिवेदी
पूर्व आईपीएस अधिकारी

“ उत्तर प्रदेश में भी ऐसे अनेक ताकतवर नेता रहे हैं, जिन्होंने ऐसी हिंसा का सहारा लिया है। वैसे, ध्यान रहे, ऐसी हिंसा को सिर्फ पुलिस बल या प्रशासन के सहारे नहीं रोका जा सकता, इसे रोकने के लिए बहुत सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। हिंसा वाले इलाकों में समाज को जगाने की जरूरत है। यह देखने की बात है कि चुनावी हिंसा दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं होती है, क्योंकि ऐसी हिंसा की निरर्थकता को वहां के राजनीतिक और सामाजिक नेता समझते हैं।

बहुत जगह मैं चुनाव कराने में भागीदार रहा हूं। पुलिस सेवा के अपने लंबे करियर के शुरू में, जब हम लोग नौकरी में आए ही थे, तब 1980 का चुनाव था, इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आई थीं। एक पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में हम लोग पहले बहुत चिंतित रहते थे कि मतदान केंद्र पर कोई समस्या न हो जाए। हिंसा न हो जाए। कहीं गड़बड़ी होती थी, तब लोग मानते थे कि प्रशासन समर्थ नहीं है, इसलिए ऐसी घटनाएं होती हैं। फिर एक दौर आया, जब चुनाव आयोग ने कहा कि पुनर्मतदान समस्या नहीं है, जहां भी जरूरी हो, पुनर्मतदान का फैसला किया जाएगा।

इस फैसले का बहुत असर हुआ, चुनावी हिंसा घटने लगी। गड़बड़ी करने वालों के बीच संकेत चला गया कि अगर हमने कहीं कोई अनियमितता की, तो हमारी पूरी साजिश नाकाम हो जाएगी, क्योंकि चुनाव आयोग कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में इस बूथ पर पुनर्मतदान कराएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन के समय तो यह और भी स्पष्ट हो गया कि जहां भी हिंसा या गड़बड़ी होगी, वहां पुनर्मतदान कराया जाएगा। नेताओं को भी यह लगने लगा कि मतदान या चुनाव के समय हिंसा से कुछ नहीं होने वाला। राजनीतिक दलों को भी यह एहसास हो गया कि बाहुबल से दादागीरी नहीं चलने वाली। धीरे-धीरे शारीरिक हिंसा बहुत कम हो गई, जबकि एक समय अपराधी बैलेट बॉक्स लेकर भागते थे और गोली चलाने की नौबत आ जाती थी। जब मैं सीआरपीएफ में डीजी था, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में साल 2013 में चुनाव था। स्पष्ट निर्देश था कि अगर किसी मतदान केंद्र पर मतदान दल नहीं पहुंच पाता है, तो जान को जोखिम में नहीं डालना है। दो-तीन जगह जो बच जाएंगे, वहां बाद में पूरी तैयारी के साथ मतदान करा लेंगे। इसका फायदा यह हुआ कि नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बहुत कम हिंसा हुई थी। कहीं भी हिंसक तत्वों को अगर हिंसा का लाभ नहीं दिखे, तो वे हिंसा से बाज आते हैं।

बहरहाल, साल 2024 के आम चुनाव में फिर हिंसा दिख रही है। पहले संभल में हुई, फिर छपरा में हुई। पश्चिम बंगाल में तो लगातार हो रही है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

अनेक लोगों की यह शिकायत है कि हमारा चुनाव आयोग इस पर पूरा ध्यान नहीं दे पा रहा है। ऐसे में, अनेक नेताओं को लगने लगा है कि अगर चुनाव या मतदान के दिन उन्होंने गड़बड़ी की, तो वे बच जाएंगे और चुनाव भी जीत जाएंगे। इस बार चुनाव चूंकि टक्कर का है, इसलिए हिंसा की स्थिति बन रही है। दूसरी बात, चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें भी आ रही हैं। कड़े कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौर कीजिए, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को तगड़ी फटकार लगाई है। चुनाव आयोग के इंतजाम पर बड़े सवाल उठे हैं। हिंसक तत्वों तक जो कड़ा संदेश पहुंचना चाहिए, वह शायद इस बार ठीक से



नहीं पहुंच रहा है।

अब बमुश्किल दस दिन बाद मतगणना है। मुझे लगता है, जो भी हिंसा होगी, मतगणना के पहले हो जाएगी, उसके बाद हिंसा की आशंका कम है। हां, पश्चिम बंगाल में कुछ इलाके हैं, जहां मतगणना के बाद हिंसा की कुसंस्कृति बन गई है। मतगणना चंद जगहों पर सीमित दायरे या परिसर में होती है और पहले का दौर नहीं है, जब चीजों को छिपा लिया जाता था, कैमरे नहीं हुआ करते थे। आज मीडिया और सोशल मीडिया चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। जो भी गड़बड़ी करेगा, उसकी कोई न कोई वीडियो बनाएगा और वह वायरल हो जाएगा। वायरल होने के बाद अपराधियों पर शामत आ जाएगी। अत~ मुझे लगता है, अब मतगणना के समय कहीं हिंसा करना बहुत मुश्किल है। आखिर कोई क्यों हिंसा करते दिखकर अपना राजनीतिक करियर खराब करेगा? हां, कुछ इलाके पहले बिहार, उत्तर प्रदेश में ज्यादा थे और अब पश्चिम बंगाल में ज्यादा हैं, जहां हारने वाले को लगता है कि उसकी दादागीरी नहीं चली, तो वह हिंसा का सहारा लेता है। हार का गुस्सा निकालने का काम बाहुबलियों के इशारे पर महीने-छह महीने तक चलता रहता है। बहुत जगहों पर लोगों को पता चल जाता है कि किसने किसको वोट दिया और इसे लेकर हिंसा होती है।


उत्तर प्रदेश में भी ऐसे अनेक ताकतवर नेता रहे हैं, जिन्होंने ऐसी हिंसा का सहारा लिया है। वैसे, ध्यान रहे, ऐसी हिंसा को सिर्फ पुलिस बल या प्रशासन के सहारे नहीं रोका जा सकता, इसे रोकने के लिए बहुत सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। हिंसा वाले इलाकों में समाज को जगाने की जरूरत है। यह देखने की बात है कि चुनावी हिंसा दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं होती है, क्योंकि ऐसी हिंसा की निरर्थकता को वहां के राजनीतिक और सामाजिक नेता समझते हैं।

चुनावी हिंसा को पूरी तरह रोकने में हमारी नाकामी के पीछे देश की बंटी हुई राजनीति का भी बड़ा योगदान है। अनेक राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकार है और कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। कुछ राज्यों में बाहुबली तत्वों को स्थानीय स्तर पर समर्थन मिलता है, जिससे समाज और राजनीति में हिंसा, बाहुबल और अपराध को बढ़ावा मिलता है।

मिसाल के लिए, उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद थे या बिहार के मोहम्मद शहाबुद्दीन, इनके हारने या जीतने के बाद भी साल भर हिंसा का सिलिसला चलता था। बेशक, ऐसी हिंसा में कमी आई है, यह जरूरी है कि हिंसक तत्वों को किसी भी स्तर पर आगे न आने दिया जाए। पुलिस केवल अपने स्तर पर यह काम नहीं कर सकती, क्योंकि अनेक पुलिस अधिकारी राजनेताओं से जुड़कर काम करने में अपना ज्यादा फायदा देखते हैं, इससे पुलिस बल में गलत संदेश जाता है। किसी अधिकारी को अगर अपराध रोकने के लिए, समाज की सेवा के लिए जान जोखिम में डालने पर सम्मानित किया जाए, तो समझ में आता है, पर जब सियासी किस्म की सेवा के लिए किसी अधिकारी को पुरस्कृत किया जाए, तो पूरी व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ता है और चुनाव के समय इसका असर दिखता है। अत~ चुनावी हिंसा रोकने के लिए ही नहीं, बल्कि चाक-चौबंद चुनाव कराने के लिए भी सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा।

# जरूरी है गुटखा पर प्रतिबंध

तेलंगाना ने तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का जो फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ताजा फैसले के मुताबिक, तेलंगाना में जो कंपनियां गुटखों या पान मसालों का उत्पादन करती हैं, वे एक साल किसी अन्य उत्पाद के निर्माण का काम करेंगी। ध्यान रहे, गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है, इसलिए समय-समय पर ऐसे उत्पादों पर लगने वाले प्रतिबंध धरातल पर ज्यादा टिकते नहीं हैं। तेलंगाना में ही गुटखा निर्माण के पूरे ढांचे को उखाड़ फेंकना चाहिए था, पर ऐसा होना अभी दूर की कौड़ी है।



भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? अनेक कंपनियों ने चालाकी बरती है, बिना तंबाकू वाला पान मसाला बिकता है और उसके साथ में तंबाकू का एक पैकेट अलग से मुफ्त दिया जाता है। प्रतिबंध लगने के बावजूद व्यापारियों ने बचने के रास्ते निकाल लिए हैं। बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। दरअसल, किसी भी प्रतिबंध का तभी लाभ है, जब सभी मिलकर प्रतिबंध की पालना करें। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। देखा गया है कि किसी एक राज्य की भलमनसाहत को पड़ोसी राज्य प्राय~ साकार नहीं होने देते।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। विगत वर्षों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया गया, पर अच्छे परिणामों का अभी इंतजार है। लगे हाथ तंबाकू के दुष्परिणामों पर एक बार गौर कर लीजिए। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में लगभग 21.4 प्रतिशत वयस्क धुआं रहित तंबाकू का उपयोग करते हैं, जबकि 10.7 प्रतिशत वयस्क धुआं वाले तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। वास्तव में, लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे उत्पादों पर लगे प्रतिबंधों को जमीन पर उतारने की जरूरत है।

# आर्थिक मोर्चे पर भारत का सुनहरा भविष्य

इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय भारतीय चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे थे, ठीक उसी समय संयुक्त राष्ट्र संघ साल 2024 में भारत में मुद्रास्फीति साढ़े चार फीसद रहने का अनुमान जता रहा था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने यह अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में जताया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के इस अनुमान रिपोर्ट में भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। भारत के लिए निश्चित तौर पर यह अनुमान सुखद और उत्साहित करने वाला है। इसकी वजह यह है कि दुनिया की विकसित कही जाने वाली ज्यादातर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में लगातार गिरावट जारी है। पश्चिमी मुल्कों की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर कमजोर होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में पड़ोसी चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही थी। लेकिन वह अब गिरने लगी है। विश्व बैंक ने मौजूदा साल में उसकी अर्थव्यवस्था में महज साढ़े चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया था, हालांकि अब उसमें उसने थोड़ा सुधार करके उसे 5.2 प्रतिशत की बढ़त का अनुमान लगाया गया है। आखिर भारत में यह बदलाव क्यों हो रहा है और भारतीय अर्थव्यस्था इस तरह अग्रसर क्यों है? इसकी मोटी वजह यहां तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा है। बुनियादी ढांचे में भारत में निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही भारत में निर्माण गतिविधियां भी तेज हैं। यह भी सच है कि भारत के लिए यहां की बेतहाशा बढ़ी जनसंख्या भी चुनौती बन रही है। लेकिन इसके साथ ही कटु सत्य यह है कि बढ़ती जनसंख्या के चलते उपभोक्ता बाजार तेजी से बढ़ता है। उसमें खपत के लिए निर्माण और उत्पाद का दायरा बढ़ता है। यह पूरी प्रक्रिया आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाती है और इस तरह जीडीपी में बढ़ोत्तरी होती है। 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बन गया है। इसकी वजह से भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तैयार है। इस बाजार में खपत के लिए तमाम तरह के उत्पादों की जरूरत बढ़ी है। जनसंख्या, उत्पादन, खपत और बाजार की कड़ियां इस तरह भारत में तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए भारतीय जीडीपी में तेजी आ रही है।

बाजार लाख बड़ा हो, अगर सरकारी नीतियां उपभोक्ता, उत्पादक, खरीददार और विक्रेता के बीच संतुलन के साथ ही नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली नहीं होती तो आर्थिक गतिविधियां तेज नहीं होती। इस संदर्भ में मोदी सरकार को भी श्रेय दिया जाना चाहिए, जिसने भारतीयता की सोच के साथ देसी दुनिया को वैश्विक आधारों से जोड़ने के साथ ही भारत को उत्पादन का हब बनाने वाली नीतियों को बढ़ावा दिया है। नीतियों का ही असर है कि भारत में साल 2014 की 350 की तुलना में इन दिनों एक लाख तीस हजार स्टार्ट अप हैं। जिनमें यूनिकॉर्न यानी एक अरब की पूंजी वाले स्टार्टअप की संख्या सौ से ज्यादा है। इसके साथ ही सात में पहली बार जीएसटी यानी वस्तु एवं सेवा कर से वसूली 2 लाख करोड़ रुपये के पार हो गई है। मौजूदा साल के अप्रैल में कुल जीएसटी वसूली 2.1 लाख करोड़ रुपये रही, जो साल 2023 के अप्रैल के मुकाबले 12.4 फीसद ज्े यादा है। इसमें सबसे ज्े यादा योगदान घरेलू लेन-देन का रहा, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 13.4 फीसद बढ़ गया। पिछले साल अप्रैल में सरकार को 1.87 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली हुई थी। वित्े त मंत्रालय के एक मई को बताया कि रिफंड के बाद अप्रैल महीने की शुद्ध जीएसटी वसूली 1.92 लाख करोड़ रुपये रही है। जो इसी पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.1 प्रतिशत ज्े यादा है। साल 2017 में जबसे जीएसटी कानून लागू हुआ है, हर साल इसमें बढ़ोत्तरी होती जा रही है। जीएसटी लागू होने के फौरन बाद 2017-18 में जहां औसत जीएसटी एक लाख करोड़ रुपये से कम रही, वहीं, कोरोनाकाल के बाद 2020-21 से यह लगातार बढ़ रही है।

# अब किसी की नहीं सुन रहा इजरायल

**इजरायल** दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा पर इजरायली हमले के खास निहितार्थ हैं। बेशक, इस हमले में 40 से अधिक आम फलस्तीनियों की मौत हुई है और दुनिया भर में इसकी निंदा जारी है, लेकिन ऐसा लगता है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोच-समझकर अपने कदम आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ऑपरेशन प्रोटेक्टिव शील्ड (जुलाई, 2014), ऑपरेशन कास्ट लीड (दिसंबर, 2018), ऑपरेशन वॉल गार्जियन (मई, 2021) जैसी फौजी कार्रवाइयों के बावजूद इजरायल को इसलिए सफलता नहीं मिल सकी थी, क्योंकि सैन्य ऑपरेशन के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव में उसे संघर्ष-विराम करना पड़ता था और हालात पूर्ववत हो जाते थे। ऐसे संघर्ष-विराम में दोनों पक्षों द्वारा कैदियों की अदला-बदली की भी बात होती थी, लेकिन करीब एक करोड़ इजरायलियों की सुरक्षा का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाता था। अब इजरायली प्रधानमंत्री इस परिपाटी को बदलते हुए दिख रहे हैं। इस युद्ध में हमास की मंशा यही लग रही थी कि अक्तूबर, 2023 में हमले के बाद संघर्ष-विराम कर लिया जाएगा और इजरायली बंधकों के बदले फलस्तीनी कैदियों को छुड़ाकर स्थिति सामान्य बना ली जाएगी। मगर नेतन्याहू अब इस समस्या का स्थायी



समाधान चाहते हैं। उनकी योजना मानो दुनिया के नक्शे से गाजा पट्टी को मिटा डालने की है, ताकि हमास को सिर छिपाने की कोई जगह न मिले। इससे ही इजरायलियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। इजरायल का यह भी मानना है कि जब उत्तर और मध्य गाजा से फलस्तीनियों को दक्षिणी इलाकों में आने को कहा गया था, तब आम लोगों की भीड़ में कुछ हमास के लड़ाके भी यहां पर आ गए, जो रह-रहकर इजरायली सुरक्षा बलों को चुनौती देते रहे हैं। उसकी यह सोच उन हमलों से पुष्ट होती है, जो बीते दिनों इजरायल पर हुए हैं। माना जाता है कि उत्तर और मध्य गाजा में हमास ने अपना ठिकाना फिर से बना लिया है।

यही कारण है कि इजरायली प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अवहेलना करते दिख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि वह किसी दबाव में आकर सैन्य कार्रवाई बंद नहीं करेंगे। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से उनकी नाराजगी की एक वजह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने वाले देशों की बढ़ती संख्या भी है। अब तक संयुक्त राष्ट्र के 195 सदस्य देशों में से 143 राष्ट्र फलस्तीन के पक्ष में हैं, जिनमें नया नाम आयरलैंड, नॉर्वे व स्पेन का है।

इतना ही नहीं, पिछले मार्च महीने में सुरक्षा परिषद् ने गाजा में संघर्ष-विराम और बिना शर्त इजरायली बंधकों की रिहाई संबंधी एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसका अमेरिका ने कोई विरोध नहीं किया, जबकि इससे पहले तक वह इजरायल के पक्ष में खड़ा रहा है। फिर, वाशिंगटन ने इजरायल को भेजी जाने वाली हथियारों की खेप भी टाल दी और राफा पर हमले की सूरत में इसे रद्द करने की चेतावनी दी थी, जिसे इजरायल ने नजरंदाज कर दिया है।

हालांकि, इन सबकी कीमत आम फलस्तीनी चुका रहे हैं। तकरीबन 10 लाख फलस्तीनी विगत अक्तूबर के बाद से पलायन करके दक्षिणी गाजा पट्टी में आ चुके थे, लेकिन ताजा हमले के बाद वे वापस उत्तर व मध्य इलाकों में लौटने लगे हैं। माना जा रहा है कि तीन लाख, 60 हजार फलस्तीनी राफा छोड़कर वापस लौट चुके हैं। जबकि, हालिया हमले में लगभग 1,000 लोगों की मौत के साथ अब तक तकरीबन 40 हजार फलस्तीनी इस युद्ध की भेंट चढ़ चुके हैं। फिर भी, इजरायल इसलिए नहीं पसीज रहा, क्योंकि उसकी नजर में यही आखिरी मौका है, जब वह हमास को जड़ से खत्म कर सकता है। स्पष्ट है, यह एक मानसिक खेल है, जो दोनों पक्षों की ओर से खेला जा रहा है।

ऐसे में, सवाल यही है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब क्या कर सकता है? अमेरिका बार-बार इजरायल से यही पूछ रहा है कि आखिर वह चाहता क्या है? वाशिंगटन के मुताबिक, समझौता ही इस जंग का अंतिम रास्ता है। मगर फलस्तीनी प्रशासन भी फिलहाल झुकने को तैयार नहीं है, क्योंकि इससे उसके पक्ष में बन रही सहानुभूति कम हो सकती है। जिस तरह से दुनिया भर के देश उसके पक्ष में गोलबंद हो रहे हैं, विशेषकर अमेरिकी विश्वविद्यालयों में उसके पक्ष में प्रदर्शन हो रहे हैं, उससे उसमें यह भरोसा बना है कि अंतरराष्ट्रीय समर्थन उसके साथ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## प्रकृति आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है,लोभ लालच की नहीं



▸ भूमंडलीय ताप बढने से जलवायु परिवर्तन की चपेट में है दुनिया, वृक्षारोपण से ही दूर हो सकता है संकट

संवाददाता

अमेठी। बुधवार को नगर स्थित ओम् नगर में अमेठी जल बिरादरी की ओर से व्यापक जलवायु परिवर्तन विमर्श विषय पर संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ।अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अमेठी जल बिरादरी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि आज सारी दुनिया बढ़ते भूमण्डलीय ताप के कारण व्यापक जलवायु परिवर्तन की चपेट में है।आज दिल्ली का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जिसके निरन्तर बढ़ते जाने की सम्भावना है।वनों का कटान,जहर उगलते कल कारखाने, सुपरसोनिक जेट विमान, धुआं फेंकते वाहन आदि बढ़ते भूमण्डलीय ताप के मूल कारण हैं। आधुनिकता का भूत शिर पर सवार है।सत्य तो यह है कि प्रकृति आवश्यकता की आपूर्ति कर सकती है लोभ-लालच की नही।समय रहते न चेते तो वह दिन दूर नही जब जीव जन्तुओं का जीवन दूभर हो जायेगा। धरती पर हरियाली बढ़ाकर ही इस समस्या से निजात मिल सकता है।

अम्बरीष मिश्र ने कहा बढ़ता पर्यावरण संकट आज सारी दुनिया के लिए चिंता का विषय है।जीवन अमूल्य है इसकी रक्षा के लिए वृक्ष लगाने के साथ इनका संरक्षण आवश्यक है। स्वार्थपरता और दिखावे पन से हटकर परोपकार की भावना के साथ यथार्थ की ओर बढ़ें। कैलाश शर्मा ने कहा कि पृथ्वी के चढ़ते बुखार एवं बिगड़ते मौसम के मिजाज को कम करने के लिए खेत खलिहान एवं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण आवश्यक है।

# भीषण गर्मी में परीक्षाएं करा रहा अवध विश्वविद्यालय

### शिक्षक संगठनों ने विरोध किया

संवाददाता

अमेठी। हीट वेव के समय ,नई शिक्षा नीति की गाइड लाइन के विपरीत डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की ओर परीक्षाएं कराने का पूरे मंडल में तीखा विरोध हो रहा है।साकेत कालेज के छात्र छात्राओं ने परीक्षाएं देने से साफ मना कर दिया। जिले में अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कालेज भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय परीक्षाएं आयोजित करने के विश्व विद्यालय प्रशासन के निर्णय का विरोध किया है।

अवध विश्वविद्यालय ने एक तरफ 23 मई से 4, जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है, दूसरी तरफ भीषण गर्मी और लू के मौसम में परीक्षाएं कराने जा रहा है।आर आर पी जी कालेज के प्रिंसिपल पी के श्रीवास्तव ने 31मई से वार्षिक परीक्षाएं कराने का आदेश किया है।

विश्व विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ की बैठक में ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय परीक्षाएं कराने का विरोध किया गया और विश्व विद्यालय प्रशासन से आदेश वापस लेने की मांग की गई। सोमवार को डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही रवैये और हठधर्मिता द्वारा शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश को समाप्त कर देने की कोशिश के विरोध में आम-सभा द्वारा एकमत से लिए गए निर्णय के क्रम में रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी की महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई द्वारा समस्त सदस्यों की सहमति उपरान्त एक स्वर से ग्रीष्मावकाश के दौरान 31 मई 2024 से शुरू होने वाली विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं का विरोध करने का निर्णय किया है 7 विश्वविद्यालय द्वारा अपने संशोधित पत्र 22 मई 2024 में भी 23 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है एवं तद्क्रम में महाविद्यालय द्वारा भी 23 मई से 04 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश की घोषणा की गयी है7 जून माह की भीषण गर्मी में ग्रीष्मकालीन अवकाश में परीक्षाओं की घोषणा, शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं के लिए नितांत अमानवीय है। एक तरफ ग्रीष्म अवकाश की घोषणा एवं दूसरी तरफ ग्रीष्म अवकाश में परीक्षा कराना ब्याघाती होने के कारण संभव नहीं है।

आर आर पी जी कॉलेज अमेठी की शिक्षक संघ की इकाई डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ द्वारा किए जा रहे परीक्षा बहिष्कार /असहयोग का समर्थन करती है ।

### पचास फीसदी अनुदान पर दिए जा रहे धान के बीज

अमेठी। खरीफ की मुख्य फसल धान की खेती समय से करने के लिए किसान पूरी तैयारी में हैं। राजकीय कृषि बीज भंडारों और किसान कल्याण केन्द्रों पर धान की उन्नतिशील प्रजातियों के बीजों का वितरण जारी है। बीजों के साथ ट्राईकोडर्मा दवा निःशुल्क दी जा रही है। राजकीय कृषि बीज भंडार अमेठी में एक मई से अब तक 250किसानों को धान की उन्नतिशील प्रजातियों के बीज दिए जा चुके हैं। बीजों पर अनुदान 50फीसदी है। बुधवार को एम टी यू-7029,पी आर-126, ऊषा बासमती और पी आर-113प्रजाति के बीज वितरित किए गए।बीज48रू प्रति किलो की दर से दिए जा रहे हैं।

भेंटुआ संवाद के अनुसार बुधवार को एक दर्जन किसानों ने धान के बीज खरीदें।

## मनीषी महिला कालेज में हुआ 360मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण

संवाददाता

गौरीगंज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में दिनांक 4 जून 2024 को प्रातः 8ः00 बजे से प्रारंभ होगी। बुधवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम, सुजीत कुमार, अभिजीत कुमार, देवेश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया, जिसमें उन्हें ईवीएम, पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी ईवीएम में पड़े वोटो का मिलन 17ग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर ले ताकि मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, प्रशिक्षण में बताया गया की मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं मतगणना सामग्री को चेक कर ले यदि कोई कमी हो तो पूर्ण कर लें, प्रदर्शित होने वाले रिजल्ट को इस प्रकार से खड़े होकर दिखाएंगे की उपस्थिति मतगणना एजेंट अच्छी तरह से देख व नोट कर सकें, मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा बोलकर भी रिजल्ट बताया जाएगा यदि आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन को दोबारा दबाकर रिजल्ट दिखाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन प्रातः 6ः00 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंच जाएंगे। आज कुल 368 मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कुल 08 मतगणना कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित मतगणना कार्मिकों में धर्मेंद्र कुमार सिंह मतगणना सुपरवाइजर, दुष्यंत प्रताप सिंह मतगणना सुपरवाइजर, धनंजय सिंह मतगणना सुपरवाइजर, किशन कुमार माइक्रो आब्जर्वर, नरसिंह बहादुर सिंह माइक्रो आब्जर्वर, अनिल कुमार वर्मा माइक्रो आब्जर्वर, हेमंत सागर तिर्की माइक्रो आब्जर्वर तथा रवि शंकर ओझा माइक्रो आब्जर्वर के नाम शामिल है अनुपस्थित मतगणना कार्मिकों के विभागाध्यक्षों को मुख्य विकास अधिकारी ने दो दिवस के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 4 को होगी मतगणना

▸ सबसे पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती



संवाददाता

अमेठी। 4 जून को आने वाले लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।लोकसभा चुनाव की मतगणना अमेठी के गौरीगंज स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 4 जून को कराई जाएगी। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली मतगणना समाप्ति तक चलेगी। वहीं सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

बीते 20 मई को हुए मतदान में अमेठी संसदीय क्षेत्र के 9 लाख 76 हजार 53 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था और करीब 54 प्रतिशत मतदान हुआ था। अब यही मतदाता 4 जून को 13 प्रत्याशियों के किस्मत का ताला खोलेंगे। मतगणना के लिए विधानसभा वार मतगणना कक्ष निर्धारित किए गए हैं।

विधानसभा तिलोई की मतगणना गर्ल्स हॉस्टल. परिसर, जगदीशपुर की मतगणना एमपी हॉल, गौरीगंज की मतगणना होल्डिंग हाउस के साथ अमेठी विधानसभा की मतगणना ब्वाएज हॉस्टल में कराई जाएगी। इसके साथ ही सलोन विधानसभा की मतगणना आईटीआई परिसर रायबरेली में कराई जाएगी। मतगणना कक्ष से लेकर मतगणना परिसर तक बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे की नजर में मतगणना कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।डीएम निशा अनंत ने बताया कि मतगणना कराने के लिए अलग-अलग पार्टियों के एजेंट के पास जारी किए जा रहे हैं। इसके अलावा मतगणना स्थल पर मतगणना अभिकर्ता सिर्फ पेन पेंसिल सादा कागज के अलावा 17 ग फॉर्म की डुप्लीकेट कॉपी ही मतगणना परिसर और कक्ष में ले जा पाएंगे। इसके अलावा मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक सामान को पूरे परिसर में प्रतिबंधित किया गया है। डीएम ने कहा कि विजयी प्रत्याशी की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशी कोई भी जूलूस न निकाले इसके लिए भी पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाया गया है। मतगणना को शांतिपूर्ण निष्पक्ष, तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही चक्रवार परिणाम की घोषणा उपलब्ध कराने के साथ उसे टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित भी किया जाएगा।

## देवरिया में राम चरित मानस पाठ का आयोजन



संवाददाता

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। जयसिंहपुर क्षेत्र के देवरिया गांव में बुधवार को माँ मरी माई देवी रामायण समिति की ओर से रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। गुरुवार को ग्रामवासियों के सहयोग से प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। बुधवार को मुख्य यजमान कृष्ण देव तिवारी व उर्मिला तिवारी से पंडित हिमांशु मिश्रा ने विधि विधान से पूजा करवाई। जिसके बाद रामचरित मानस पाठ शुरू किया गया।

गुरुवार को हवन पूजन के बाद ग्रामवासी आपसी सहयोग से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम करेंगे।

इस दौरान आयोजक गण विजय प्रकाश तिवारी,राम प्रगट तिवारी, विपिन तिवारी, रामनाथ तिवारी, अखिलेश तिवारी, राम नायक तिवारी, पप्पू तिवारी,करुणा शंकर तिवारी, दिनेश तिवारी, अमरनाथ तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी उर्फ सीपी, आशुतोष तिवारी,कल्लू तिवारी,कृष्णानंद दुबे, रामसूरत तिवारी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## संस्कार ग्लोबल स्कूल में समर कैंप आयोजित

▸ बच्चों ने प्रस्तुति की मनमोहक कार्यक्रम



संवाददाता

गौरीगंज। मंगलवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का समापन रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पोशाक धारण कर मनमोहक अंदाज में नृत्य, गीत, नाटक, विज्ञान मॉडल, योगा एवं अन्य सीखी गई गतिविधियों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय ने वाग्देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक गुणों का विकास होता है। संस्था के निदेशक से श्री संजय सिंह जी ने कैंप के समापन की सभी को बधाई दी और अपने संदेश में कहा कि ऐसे आवश्यक विद्यार्थियों को संकुचित विचारधारा से निकाल कर उनकी सामाजिकता एवं नैतिकता के विकास में योगदान करते हैं। संस्था की चेयरपर्सन डॉक्टर अंजना सिंह सेंगर जी ने समर कैंप में सम्मिलित सभी प्रशिक्षकों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामना एवं बधाई दी और अपने संदेश में कहा की बच्चों को शैक्षिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की आवश्यकता होती है जो ऐसे अवसर सहजता से प्रदान करते हैं और बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि करते हैं। उक्त कार्यक्रम, कार्यक्रम प्रभारी खुशबू गिरि के निर्देशन में साथी शिक्षिका शिक्षक जानवी अग्रहरि, आदित्य सर,नेहा सिंह, नेहा मिश्रा, साधना तिवारी, पूर्णिमा सिंह, अनामिका सिंह, ऋचा पुष्पाकर, अस्मिता सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह सहयोग से संपन्न हुआ।। इस अवसर पर चित्र केतु सिंह, मंजू सिंह, जीत लाल पटेल, पूजा उपाध्याय, देशराज मौर्य, शैलेश तिवारी, सत्यम शुक्ला, रोहित तिवारी, संतलाल जायसवाल, प्रभात सिंह, अनिल मिश्र, विमल सिंह, आशीष तिवारी, नीरज मौर्य, सर्वेश मौर्य, ऐश्वर्य, अमन सिंह, मोहित शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रघुराज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न मिलना ही किसान मसीहा को सच्ची श्रद्धांजलि

संवाददाता

अयोध्या। पुण्य तिथि पर चौधरी चरण सिंह को याद कर रालोद के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। बुधवार को चौधरी चरण सिंह की 37 वीं तिथि के अवसर पर चौधरी चरण सिंह रौनाही पंप कैनाल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बोलते हुए रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेषनाथ मिश्र सुड्डू ने कहा भारत रत्न मिलना ही किसान मसीहा को सच्ची श्रद्धांजलि है। इसे देकर भारत सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है। किसानों के विकास में चौधरी चरण सिंह जी का योगदान ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आजाद हिन्दुस्तान में चौधरी साहब ही एक मात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने किसानों की मदद किया और कानून बना कर गांव



गरीब किसान की मजबूती के लिए लड़ाई लड़ी।

जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मिश्रा, गुड्डु, रज्जन मिश्रा, कुलभूषण मिश्रा, प्रताप नारायण शुक्ला, सूरज शर्मा, मोहम्मद फैसल, दुर्गेश शर्मा, अमर नाथ पाण्डेय, ब्रजेश मिश्रा, बद्रीनाथ मिश्रा, राम फेर पासी, गौतम तिवारी, प्रकाश पाण्डेय अंशू मौजूद रहे।

## बकाया कर जमा करें वाहन स्वामी

▸ आरटीओ प्रशासन अयोध्या ने समीक्षा कर राजस्व पूर्ति के दिए निर्देश



संवाददाता

अयोध्याधाम। परिवहन आयुक्त महोदय के निर्देशों के क्रम में राजस्व की शत प्रतिशत पूर्ति के प्रयास निरन्तर किये जा रहें हैं इसलिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की व्यस्तता के बीच राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति हेतु सजग रहने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या, अम्बेडकनगर , सुल्तानपुर, बाराबंकी ,अमेठी को दिए। साथ ही समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मालकर अधिकारी को निरन्तर पत्र द्वारा बिना परमिट, बिना यात्री फिटनेस, निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग एवं कर बकाया वाहनों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों की निरन्तर बैठक कर समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि यात्री वाहनों के वाहन स्वामी एवं माल वाहनों के वाहन स्वामियों को कर जमा करने हेतु प्रतिदिन डोर-टू-डोर जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ समन्वय करते हुए सम्पर्क किया जाए एवं दूरभाष से भी सम्पर्क करें। साथ ही सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) को एवं समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को बिना फिटनेस वाहनों, पंजीयन समाप्त वाहनों, आयु सीमा पूर्ण कर चुके चुके वाहनों को नोटिस भेजने, प्रपत्र अद्यतन वैध कराने के निर्देश दिए गए एवं समर्पित वाहनों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। आरटीओ द्वारा बताया गया कि जो वाहन स्वामी निर्धारित समयावधि में कर जमा नहीं कराते हैं उनके विरूद्ध कर की वसूली भू-राजस्व की भाँति की जायेगी अतः कर जमा करायें। सभी वाहन स्वामी अपना कर घर बैठकर श्चड्ढह्1द्बद्धड्डठ्ठ.द्दश1.द्बठ्ठ पर जा कर ऑन लाइन माध्यम से कर जमा कर सकते हैं इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

यदि वास्तव में उनके साथ कोई गम्भीर समस्या हो तो नियम के अन्तर्गत देय कर पर लगाये गये जुर्माने में छूट के लिए सम्बन्धित जिले के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) से साक्ष्यों सहित सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर श्री राम सेवा कल्याण समिति आयोजित करेगी कार्यक्रम

अयोध्याधाम। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में 5 जून 2023 उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रथम वर्ष रक्तदान एवं राम की पैड़ी अयोध्या में वट वृक्ष नगर आयुक्त विशाल सिंह के द्वारा लगाया गया था इस वर्ष भी 5 जून 2024 को श्री राम सेना, कल्याण समिति अयोध्या जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर द्वितीय वर्ष का आयोजन करने के साथ-साथ लोगों को पौधा देकर सम्मानित करेगी व निवेदन करेंगे कि अपने घर के आगे एक पौधा अवश्य लगाए आप सभी लोगों से विनम्र निवेदन है 5 जून 2024 को जिला अस्पताल अयोध्या आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## जीवन का मूल उद्देश्य हो लोगों की सेवा करना: डॉ0 देवेशाचार्य

▸ मां अन्नपूर्णा सेवा संस्थान द्वारा दस हज़ार लोगों में किया गया शर्वत वितरण



संवाददाता

अयोध्या। मां अन्नपूर्णा सेवा संस्थान द्वारा ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के परिपेक्ष्य में चिलचिलाती धूप मे राहगीरों व श्रद्धालुओ को राहत देने के उद्देश्य से राम पथ निकट हनुमान गढ़ी पर शर्बत वितरण किया गया। वितरण में करीब बारह हज़ार श्रद्धालुओ ने शर्बत पीकर राहत का सांस ली।

शर्बत वितरण शिविर का शुभारंभ पूज्य संत डॉ देवेशाचार्य जी महाराज व राष्ट्रीय स्तर के राम कथा मर्मज्ञ सूरज कृष्ण जी ने वैदिक मंत्रों के साथ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर डॉ देवेशाचार्य जी ने कहा कि इस भीषण गर्मी व तपन में यह शर्बत अमृत तुल्य है और समाज सेवियों को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। समाजसेवी व अन्नपूर्णा रसोई के प्रबंधक राजेश चौबे ने कहा कि संस्था का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है और संस्था इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इस माह के प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य वर्धक युक्त शीतल पेय वृहद पैमाने पर जन मानस में वितरण किया जायेगा जिससे वो गर्मी से सुरक्षित रह सकें। शीतल पेय वितरण करने में सुरेंद्र उपाध्याय, विजय वर्मा, विनय त्रिपाठी, हौसिला प्रसाद यादव, कपिल पाण्डेय, सूरज कसौधन, सुनीता पाठक व अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा हैं।

## गंदा पानी भर जाने को लेकर राजकीय वाहन चालक संघ ने सीएमएस से की शिकायत

▸ नगर निगम जिला चिकित्सालय में लगे

▸ वाटर कूलर दे रहे हैं गर्म पानी तीमारदार व राहगीर परेशान

संवाददाता

अयोध्या। राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण जिला चिकित्सालय अयोध्या राजकीय चालक संघ के स्टाफ रूम की लैट्रिन में स्टाफ रूम के पीछे से गंदा पानी के आने से लैट्रिन की सीट में गंदा कचरा जम गया है जिला चिकित्सालय जिससे वाहन चालक को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वाहन संचालक संघ के कर्मचारियों द्वारा इसकी शिकायत जिला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अयोध्या को दी गई थी। जिला अस्पताल के प्रांगण में वाटर कूलर सप्लाई लगाई गई है वाटर कूलर सप्लाई में पानी ही नहीं आ रहा है जिससे मरीजों और तीमारदार को पीने का पानी ठंडा मशीन से लेने में बड़ी परेशानी हो रही है वहीं नगर निगम नगर निगम द्वारा लगाया गया वाटर कूलर पराग डेयरी के बगल रिकाबगंज अयोध्या में पीने का पानी मशीन लगा है वह भी गर्म पानी ही मशीन से निकल रहा है इस गर्मी में नगर निगम की लापरवाही और जिला चिकित्सालय की लापरवाही साफ दर्शा रही है की कि भाजपा सरकार में नगर निगम का निर्माण कार्य कुशलता झूठा साबित हो रहा है निगम व चिकित्सालय के अधिकारियों की ईश्वर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जहां पर हजारो की संख्या में लोग आते जाते रहते हैं अपनी प्यास बुझाने के लिए 20 रुपए की पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास को बुझाते हैं तीमारदार और राहगीर ऐसे में निगम द्वारा लगाए गए जिला के चिकित्सालय में लगाएंगे वाटर कूलर और सड़क पर नगर निगम द्वारा लगाए गए वाटर कूलर वाटर कूलर मानो




जैसे हाथी के दांत जैसे हैं खाने के और दिखाने के और नगर निगम और जिला चिकित्सालय अयोध्या दोनों एक प्रारूप बनकर रह गया है।

## पति,सास,देवर,जेठ व ननद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

संवाददाता

रुदौली- अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम जखौली में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की जमकर पिटाई की गयी।इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।ग्राम जखौली की करिश्मा की शादी पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम जखौली के राम गोपाल के लड़के राम पदारथ के साथ करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी।पुलिस को दी गयी तहरीर में करिश्मा ने बताया कि आर्थिक स्थित कमजोर होने के कारण माता पिता ज्यादा दान दहेज नहीं दे सके थे।ससुराल वाले आये दिन दहेज की मांग को लेकर प्रताणित किया करते थे।करिश्मा ने बताया कि उसका पति ट्रक चालक होने के कारण अक्सर घर से बाहर ही रहता था।घर वालों से परेशान होकर फैजाबाद में किराये पर कमरा लेकर रहता था।करिश्मा भी पति के साथ रहती थी।एक माह पूर्व उसका पति राम पदारथ बहाना बताकर उसे अकेला छोड़कर चला गया।करिश्मा ने अपने पति को बार बार फोन लगाती रही लेकिन उसने फोन नहीं उठाया।न ही उसने आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिये पैसे दिये।करिश्मा ने बताया कि अपने पति का पता लगाने ससुराल ग्राम जखौली जब पहुंची तो

सास,देवर,ननद मेरे साथ गाली गलौज मारपीट करने लगे।तथा धक्का देकर भगा दिया और कहा कि बगैर दहेज के घर आयी तो जान से मार डालेंगे।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि करिश्मा की तहरीर पर पति राम पदारथ,सास,देवर रामजी,जेठ राकेश तथा ननद आरती के विरुद्ध के विरुद्ध धारा 498 ए,323,504,506 तथा दहेज प्रतिशोध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार को सौंपी गयी है।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने अग्नि पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए की आर्थिक सहायता

संवाददाता

हैदरगंज - अयोध्या । हैदरगंज थाना क्षेत्र के पछियाना ग्राम सभा के दो गांव में आग लग गई । जिससे एक परिवार की गृहस्थी जल गई । तो दूसरी आग की घटना में आम के पेड़ सहित घूर गड्ढे में आग लग गई । सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस सहित फायर कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि में क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी रामफेर पुत्र सियाराम नट के छप्पर के माकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई । सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों फायरमैन सुरेंद्र यादव, शैलेंद्र वर्मा, राम विलास ने आग पर देर रात्रि में ग्रामीणों की मदद से काबू पा लिया । इस दौरान मकान में रखा कपड़ा, चारपाई, बक्सा, जेवर, साइकिल, अनाज, कागजात सहित 15000 रुपए नगद जल गया। जिसकी सूचना



हल्का लेखपाल को ग्रामीणों ने दे दिया। जानकारी होने पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह ने भारत वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख पूरा धर्मराज के साथ गांव में पहुंच कर अग्नि पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए अंग वस्त्र व आर्थिक सहायता किया। विधायक के पिता ने तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करने की बात भी कहीं । वही बुधवार की दोपहर बाद झलियहवां गांव के किनारे घूर गड्ढे में आग लग गई । देखते ही देखते आग की चपेट में आने से एक हरी आम का पेड़ भी जलने लगा । जिसकी सूचना ग्रामीण अक्षवर तिवारी ने 112 डायलकर पुलिस को दे दिया । सूचना पर पीआरबी पुलिस के कांस्टेबल अजीत कुमार, चालक विपिन कुमार के साथ फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया।

# सुन लो मेरी पुकार पवनसुत बिनती बारम्बार...

## धूमधाम से मनाया गया ज्येष्ठ का पहला बड़ा मंगल पर्व, हनुमान मंदिरों में पूरा दिन लग रही भीड़, भक्तों ने आयोजित किये भण्डारे





संवाददाता

**बाराबंकी।** ज्येष्ठ के पहला बड़ा मंगल पर्व बड़ी धूमधाम से पूरे जनपद में मनाया गया। बजरंग बली के भक्तों ने हनुमान मंदिरों पर जा करके प्रसाद चढ़ाया और अपनी मुंह मांगी मुराद पूरी करने के लिए प्रार्थना भी की। इतना ही नही भक्तों ने भण्डारे का आयोजन करके प्रसाद भी वितरित किया। नगर से लेकर कस्बो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ा मंगल पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जानकारी के अनुसार, ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगल पर्व पर धनोखर चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने के लिए प्रातः काल 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरु हो गयी थी।

सभी भक्तों ने बारी बारी से हनुमान जी के दर्षन किये प्रसाद चढ़ाया और अपनी मनौती पूरी करने की प्रार्थना भी की। इसके अलावा लखपेड़ाबाग, धनोखर, घण्टाघर, पल्हरी चौराहा, छाया चौराहा, बस स्टेषन, रेलवे स्टेषन, पुलिस लाइन चौराहा, सूतमिल आदि स्थित हनुमान मंदिरों में सुबह से ही सुन्दरकाण्ड का पाठ भक्तों ने शुरु कर दिया था जो देर रात तक चलता रहा। सभी मंदिरों को फूलों से सजाया गया था। हर तरफ बजरंगबली के जयकारे ही लगाये जा रहे थे। नगर के विभिन्न चौराहों पर भक्तों ने सुबह से ही भण्डारे लगा करके प्रसाद वितरण का कार्य शुरु कर दिया था। जबकि कोतवाली नगर में नवनिर्मित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में कोतवाली प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी दर्षन करके बजरंगबली से अमन चैन की दुआ मांगी। पुलिस कर्मियों द्वारा भी मंदिर परिसर के बाहर भण्डारे का आयोजन किया गया था। पुलिस कर्मियों ने खुद प्रसाद का वितरण किया। इसी तरह डीएफओ कार्यालय के बाहर भी वन कर्मियों ने स्टॉल लगाकर हनुमान जी के भक्तों को प्रसाद वितरित किया। वहीं श्री साई इंटर कालेज शुक्लाई में बड़े मंगल के अवसर पर सुन्दर कांड का पाठ और भंडारा का आयोजन गया। चेयरमैन डी के वर्मा ने पूजन अर्चना करके अनुष्ठान का शुभारम्भ किया। दिनभर चले भंडारे में चौधरी चरण सिंह महाविद्याल बरदरी की प्रबंधिका सुधारानी वर्मा तथा पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा की बेटी श्रेया वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्रेया वर्मा को विद्यालय परिवार की तरफ से प्रबंधक आशा वर्मा द्वारा अंगवस्त्र एवं श्री साई-चित्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इनके अलावा सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम सिंह, सागर नर्चर की प्रिंसिपल शालिनी सचान कवि प्रदीप सारंग, सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज डिघावां के प्रबंधक लाल सिंह वर्मा, बाबा गुरुकुल अकेडमी के प्रबंधक हरिपाल सिंह, श्री छोटे लाल वर्मा इंटर कालेज के प्रबंधक राम मिलन वर्मा, सदानंद वर्मा, एस के वर्मा, आनंद वर्मा, नरेन्द्र वर्मा तथा सुन्दर कांड पाठ में अर्पिता वर्मा, शुभांगी शर्मा, रेखा अग्रवाल, नविता वर्मा, वालिया हैदर, जुबी खान की विशेष उपस्थिति रही। भंडारा प्रसाद पाने में छात्र छात्राओं का काफ़ी उत्साह देखा गया। वहीं रामनगर संवाद्दाता अनुसार, ज्येष्ठ माह के पहले बडे मंगलवार को क्षेत्र के प्रशिद्व मंदिरों में भोर पहर से लेकर देर रात्रि तक पूजा पाठ चलता रहा।तो वहीं समाज सेवियों और बजरंग बली के भक्तों ने बड़े बड़े भण्डारे आयोजित कर शरबत एंव फ्ल आदि का प्रसाद वितरित किया।मालूम हो कि ज्येष्ठ माह का पहला मंगल बजरंग बली के भक्तो ने बड़ी धूमधाम से मनाया। क्षेत्र के मंदिरों में कीर्तन भजन और पूजा पाठ के विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुये। वहीं समाजसेवियों की ओर से भिन्न भिन्न रुप में प्रसादो का वितरण भी किया जाता रहा।रानी बाजार गणेशपुर त्रिलोकपुर कस्बा रामनगर के पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भक्तों और समाजसेवियों के द्वारा भंडारे आयोजित किये गये।जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी और बुनिया का प्रसाद चखने के साथ ही ठंडई का भी आनन्द लिया।सुबह हनुमान जी की पूजा पाठ के साथ से शुरू हुये भंडारे प्रभु इच्छा तक अनवरत रुप से चलते रहे। मोहल्ला कादिराबाद-2 में शिवराम गुप्ता राकेश बबुआ गोलू ने बुन्दिया मिठाई का प्रसाद वितरित किया।रानी मोहल्ला में सभासद अवनीश मिश्रा एडवोकेट ने विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसमे ज्ञानेश चन्द्र मिश्र हरीश मिश्र अमरीश रजनीश आदि ने सहभागिता निभाई। तहसील वार रामनगर के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी पूर्व महामंत्री रामकुमार सोनी पंकज पाठक सहित सम्भ्रांत जन प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर पर गौरी शंकर तिवारी के द्वारा राहगीरों में शर्बत वितरण किया जा रहा था सहयोगी दयाशंकर तिवारी पुजारी दादा सचिन तिवारी मोहित आदि का सहयोग रहा। टिकैतनगर संवाद्दाता अनुसार सफ्दरगंज रोड पर मुस्काबाद बिरौली मे पहला बड़ा मंगल आज, प्रसाद बितरण का आयोजन लगा भक्तों का तांता, भंडारे का आयोजन जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर मुस्कान नायक और आकाश सिंह के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही सुन्दर कांड के साथ हनुमान मंदिरों पर भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान चालीसा व हनुमान जी के भजनों से पूरा क्षेत्र गूँजन्मय रहा। मंगलवार को जेष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को क्षेत्र में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने श्रद्धा भाव से महाबली की पूजा अर्चना कर भोग लगाया। वहीं सफ्दरगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप स्थित कुटी के पास पूजा अर्चना पूरी सब्जी व बूँदी भंडारे का प्रसाद लोगों को वितरण किया वही इस मौके पर मौजूद रहे गुरु मुस्कान नायक वा चेला लाली करन सिंह रजत मिश्रा और प्रधान राजू जाँगरा और काफी लोग उपस्थित रहे बात करे मुस्कान नायक की तो उन्होंने कहा मेरा क्या है ये सब लोग ही मेरी फैमिली है और ये लोग ही मेरे माता पिता है और मैं जब तक हूँ ये कार्य चलते रहेंगे मुस्कान जी की बात करे तो वो काफी सपोर्टिव है और लोगो की मदत भी करती है फिर वो चाहे शादी हो या कोई भी कार्य हो। मसौली संवाद्दाता अनुसार, लाल देह लाली लसे अरू धरि लाल लँगूर। बज्र देह दानव दलन जय जय जय कपि सूर।। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़ा मंगल के अवसर पर क्षेत्र में जगह जगह भण्डारे एव प्याऊ लगाकर भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया तथा भगवतदास हनुमान मंदिर मसौली में मेले का आयोजन किया गया जहाँ पर दूरदराज से आये हजारो भक्तो ने पवनपुत्र हनुमान की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। बड़ा मंगल के अवसर पर कस्बा मसौली, बांसा,बड़ागाँव, भयारा, नैनामऊ, सदरुद्दीनपुर, सफ्दरगंज, दादरा, रसौली सहित ग्रामीण अंचलों में जगह जगह प्याऊ लगाकर सर्बत पिलाया गया वही पूड़ी,बूंदी का वितरण किया गया। कस्बा मसौली के प्राचीन भगवतदास हनुमान मंदिर पर मेले का आयोजन किया। ट्रैक्टर ट्रालियों से आये हजारो भक्तो ने पवनपुत्र की पूजा अर्चना की। तथा मंदिर के पुजारी रामलाल दास ने भक्तो को प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद दिया। ग्राम बड़ागांव मे स्थित हनुमान मंदिर पर पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत रसौली स्थित विशाल ढाबे पर भंडारे का आयोजन किया गया । राजेंद्र प्रसाद, सत्यनाम, विक्रम चौधरी, राधेश्याम, भरत यादव, विशाल कुमार, जसवंत सिह, सोनावती बीडीसी चेतराम सहित समस्त स्टाफ के लोगो ने प्रसाद का वितरण किया। बड़ागांव मे रामप्रवेश वर्मा द्वारा अपने आवास पर भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर सहजराम यादव प्रेमनन्द वर्मा विनीत अवस्थी राम हरख अखिलेश यादव रविन्द्र यादव ने प्रसाद का वितरण किया।

## जगह-जगह लगे स्टाल भक्तों में वितरण हुआ प्रसाद



**बाराबंकी।** ज्येष्ठ माह प्रथम बड़े मंगलवार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान भक्तों द्वारा जगह-जगह सुंदरकांड, आरती, भजन व कीर्तन के बाद भंडारों के स्टाल लगाए गए। हनुमान जी महाराज को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में पूरी सब्जी, छोले चावल, बूंदी व शरबत आदि का वितरण किया गया। शहर क्षेत्र में वेदांश नर्सिंग होम एंड सर्जिकल सेंटर पल्हरी के संचालक पुष्कर सिंह, अंकुर सिंह, प्रदीप सिंह व राजा कुमार द्वारा मकदूमपुर गांव में हनुमान जी आरती उतारने के बाद भक्तों में पूरी सब्जी वितरण किया गया। वहीं शुभम गेस्ट हाउस के पास प्रियांशु पांडे ने भक्तों में पूरी सब्जी बाटा समेत अनेक स्थानों पर भंडारे स्टाल सजे थे। वही ग्रामीण क्षेत्र के सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के 96 पंचायत में अलग-अलग स्थान पर ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भक्तों ने हवन पूजन, सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन व आरती के बाद भगवान हनुमान जी का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप पूरी सब्जी, छोले चावल, बूंदी व शरबत आदि का वितरण किया गया। जिसमे क्षेत्र के हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग स्थित दुग्ध उत्पादक समिति केसरगंज के सचिव अजय यादव व बीएमसी पूरेरुद्र सचिव राजेंद्र प्रसाद के यहां ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत ने हनुमान जी आरती उतारी। फिर प्रसाद में छोले चावल, पूरी सब्जी व बूंदी का भक्तों वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, प्रधान संतोष चौरसिया, कौशलेंद्र शुक्ल, बल्लू यादव, अजय यादव, राजेंद्र वर्मा, शिव तिवारी, राजेंद्र मिश्र व देशराज यादव आदि थे। जबकिकोठी कस्बा में भी दो जगह पर छोले चावल के स्टाल लगाए गए। इसी क्रम में मदारपुर, बीस मील, सेमरावां, भानमऊ, ठफ्रापुर समेत विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन रहा है।

# विद्युत अधिकारियों की लापरवाही, अंधेरे में रहने को विवश हैं दर्जनों अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण

अयोध्या हनुमान गढ़ी श्रीपंच अमनन्दी निर्माणी अनि अखाड़ा के महंत बाबा धर्मदास ने खोला मोर्चा, सीएम से करेंगे मुलाकात



संवाददाता

**मसौली, बाराबंकी।** बाराबंकी। थाना मसौली अन्तर्गत ग्राम भट्पुरवा मजरे सुरसण्डा के रहने वाले दर्जनों अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण पिछले एक दशक से अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने दर्जनों बार गांव में विद्युतीकरण के लिए जिलाधिकारी से लेकर अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर मांग की लेकिन उसके बावजूद किसी भी अधिकारी ने इस समस्या का समाधान करने का प्रयास नही किया। वहीं अयोध्या हनुमान गढ़ी और अखिल भारतीय श्रीपंच निर्वाणी गनी अखाड़ा के महंत बाबा धर्मदास ने दलितों के पक्ष में न्याय दिलाने के लिए मोर्चा खोल दिया है। महंत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लापरवाह विद्युत अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार, थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम भट्पुरवा मजरे सुरसण्डा निवासी अनिल कौशल, वीरेन्द्र कुमार, सुनीता देवी, हिमांशु कुमार, चेतराम, अलका, सुनील कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, कमला देवी, रामबाबू, महेष कुमार, देवाकार, हामेश, सोनी, सुशीला सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोग अपने पूरे परिवार के साथ में रहते हैं। यहां पर इन लोगों के पक्के घर बने हुए हैं और किसी तरह से यह सभी परिवार मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन इन घरों में आज तक विद्युत सप्लाई नही आयी है। अनिल कौशल और अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को तीन वर्ष पूर्व बिजली कनेक्शन के लिए लिखित शिकायत की थी। अनिल कौशल का कहना था कि ग्राम भट्पुरवा में 200 मीटर क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन आज तक नही हुआ है। पीड़ित का कहना है कि एक बार विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर विद्युत खम्भे भी लगवा दिए थे। लेकिन जहां पर अधिकारियों ने यह खम्भे लगवाये थे वह एक प्लाटिंग करने वाले व्यक्ति के थे लेकिन इसके बाद से आज तक दर्जनों बार इन पीड़ितों ने तहसील समाधान दिवस से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायते की लेकिन नतीजा कुछ नही निकला। मंगलवार को अयोध्या हनुमान गढ़ी एवं श्रीपंच अमनन्दी निर्माणी अनि अखाड़ा के महंत बाबा धर्मदास ने इस गंभीर मामले को लेकर जिलाधिकारी से मिलने का प्रयास किया लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब महंत धर्मदास उक्त प्रकरण पर अनुसूचित जन जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विद्युत मंत्री एके शर्मा से मुलाकात करेंगे।

मोर्चा खोल दिया है। बाबा धर्मदास का कहना है कि मैने खुद दो बार स्थानीय जेई से फोन कर मौके पर आने के लिए कहा। जेई ने फोन पर आने का वादा किया लेकिन उसके बाद वह नही आया। मंहत धर्मदास का यह भी कहना था कि इस मुद्दे को लेकर वह प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कार्यवाही की बात रखेंगे। लेकिन जब इस पर भी बात नही बनेगी तो ग्रामीणों के साथ वह आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस सम्बन्ध में विद्युत उपकेन्द्र रसौली के जेई विशाल कुमार का कहना था कि जिस दलित बस्ती में विद्युत सप्लाई जानी है वहां पर विवाद चल रहा है रेलवे की लाइन वहीं पर है व कुछ अन्य विवाद मौके पर चल रहे हैं। विवादों के निस्तारण के बाद विद्युत सप्लाई के लिए कनेक्शन दे दिए जायेंगे। बहरहाल, उच्चाधिकारियों की अनदेखी से नाराज अखिल भारतीय श्रीपंच निर्वाणी गनी अखाड़ा के महंत धर्मदास खुलकर दलितों को न्याय दिलाने उनके पक्ष में मैदान में आ गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण आज से

**बाराबंकी।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने लोकसभा प्रत्याशियों, प्रतिनिधि की उपस्थिति निगरानी में एवं पुलिस सुरक्षा के साथ डीआरडीए सभागार में आज से शुरू हो रहे मतगणना कार्मिको के प्रशिक्षण हेतु वेयर हाउस (निर्वाचन कार्यालय) से ईवीएम एवं वीवीपैट को वाहन में सुरक्षित रखवाकर रवाना किया। इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### दौलतपुर के किसानों को मिला मिलावटी टमाटर बीज

**बाराबंकी।** विकास खण्ड हरख की ग्राम पंचायत दौलतपुर में टमाटर की खेती करने वाले किसानों को इस बार टमाटर उत्पादन में भारी नुकसान उठा पड़ा है। किसानों का आरोप है कि ब्राण्डेड कम्पनी के बीज के दावे बीज बेचने वाले दुकानदारों ने किये थे लेकिन हम लोगों को घटिया क्वालिटी के बीज दिए गये जिसका नतीजा यह हुआ कि टमाटर की पैदावार कम तो हुई ही साथ ही में टमाटर जल्दी से खराब होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, विकास खण्ड हरख की ग्राम पंचायत दौलतपुर के किसान कमलेश वर्मा, सरदार, शिव सिंह, कुलदीप, राकेश, मंगल, कल्लू, संदीप, अवधेश, जितेंद्र, रामदेव आदि लोगों ने बताया कि हम लोगों ने टमाटर बीज कंपनी सेमिनार ने ब्राईटी टमाटर की अयुष्मान,अंसल आदि बीजों की बिक्री किसानों को की और बड़े-बड़े दावे किए। किंतु हकीकत यह है कि टमाटर की पैदावार बहुत कम हुई। और टमाटर फ्टने लगता है। कोई व्यापारी खरीदने के लिए टमाटर तैयार नहीं होता है जिससे सभी किसान परेशानी की स्थिति में आ गए हैं। पीड़ित किसानों का यह भी आरोप है कि इस बार टमाटर की खेती हम लोगों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है इसके जिम्मेदार आयुष्मान और अंसल आदि बीजों की बिक्री करने वाली कम्पनी है। पीड़ित किसानों ने जिला कृषि अधिकारी और जिलाधिकारी से घटिया क्वालिटी के टमाटर बीज देने वाले कम्पनी मालिकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### जैदपुर में आल इंडिया मुशायरा आज

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर कस्बे में स्थित प्रसिद्ध बुजुर्ग इब्राहिम शाह दादा मियां की याद में लगने वाला सात दिवसीय उर्स मुबारक के मेले में 29 मई को ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन हाजी जियाउर्रहमान करेंगे। आरिफ शाह समिति के प्रबंधक मो आलम चौधरी ने बताया की मुशायरा की निजामत नदीम फारूक करेंगे। मुशायरा आयोजक फैजानुर्रहमान व संयोजक मियां महबूब आलम हैं। शायरों में देश के मशहूर शायर महशर अफरीदी, अजम शकिरी, वाहिद मालेगांव, मोहन मुंतजीर, उस्मान मीनाई, सुंदर मालेगांव, रुखसार बलरामपुरी सहित अन्य शायर मुशायरा व कवि सम्मेलन शामिल होंगे। 30 मई को रात्रि में शानदार आतिशबाजी का भी कार्यक्रम होगा।

### 6 जून से शुरू होगा क्रिकेट का महासंग्राम

**बाराबंकी।** यूपी टेनिस क्रिकेट प्रीमियम लीग 6 जून से शुरु होने जा रहा है। यूपी के लखनऊ में 1090 चौराहा, गोमती नगर स्थित ई.एस मिनी स्टेडियम में लीग से जुड़े सभी मैच खेले जायेंगे। इस क्रिकेट प्रीमियम लीग में लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बनारस, भदोही, जौनपुर, बरेली, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर समेत 16 टीमें खेलेंगी। विजेता टीम के मालिक को रॉयल एनफील्ड बाइक मिलेगी। साथ ही टूर्नामेंट की विजेता टीम को 5 लाख और उपविजेता टीम को 3 लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी। यह जानकारी यूपी टेनिस क्रिकेट प्रीमियम लीग के आयोजक एवं पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मेहताब खान एवं जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट कप्तान राशिद हुसैन (चांद भाई) ने दी। मंगलवार को नगर के रीगल पैलेस में आयोजित यूपी टेनिस क्रिकेट प्रीमियम लीग (यूपीपीएल) 2024 के लिए ऑक्शन का आयोजन किया गया।

# मिक्सर मशीन में उतरा करंट एक मजदूर की मौत, दो गम्भीर

संवाददाता



**रामनगर बाराबंकी।** विद्युत आपूर्ति के लिये दौड़ रहे हाईटेंशन लाइन से सीमेंट मौरंग गबडने वाली मिक्सर मशीन के छू जाने के कारण विद्युत की चपेट में आ जाने से एक मजदूर की मौत हो के साथ दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहा पर एक व्यक्ति की हालत नाजुक होने के चलते उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मालूम है कि थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम बिठौरा के निवासी आशीष सिंह की मिक्सर मशीन मंगलवार को ग्राम सीहामऊ में मनोज धीमान के निर्माणाधीन मकान में छत डालने के लिये गयी थी।छत डालने के बाद मजदूर जब मिक्सर मशीन में लगे चौनल को निकलने लगे तब ऊपर से निकली हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार उससे छू गये जिससे लगे करंट से 40 वर्षीय मजदूर लच्छीराम पुत्र आशाराम 24 वर्षीय जितेंद्र पुत्र ब्रजेश निवासी बिठौरा व मिस्त्री विष्वनाथ पुत्र राम सजीवन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन मे घायलों को इलाज हेतु सीएचसी रामनगर ले जाया गया।जहाँ पर डॉक्टरों ने लच्छीराम को मृत घोषित कर दिया।गंभीर रूप से घायल जितेंद्र का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया तीसरे घायल विश्वनाथ मिस्त्री का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने जांच एंव आवश्यक लिखा पढी कर मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# सेवा करने से हमें मिलती है संतुष्टिः सुनील बंसल

रोटरी क्लब द्वारा हुआ सेवा विषय पर सेमिनार

संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 की ओर से सोमवार को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाइवे एक होटल मे सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। क्लब के गवर्नर सुनील बंसल ने साल भर रोटरी क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी देते हुए उन्होंने सहयोग की भावना से काम करने का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी के लिए एक कंप्यूटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से शुरु हुआ सर्वप्रथम रोटरी क्लब बाराबंकी के अध्यक्ष महबूब उर रहमान किदवाई ने क्लब के गवर्नर सुनील बंसल का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए वित्तीय वर्ष मे क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी दी। क्लब के सचिव गिरीश अरोरा ने बीते हुए सत्र मे जनसेवा के रूप मे किये गये कार्यो की जानकारी दी। डिस्ट्रिकट गवर्नर रो सुनील बंसल ने कहा कि सभी रोटेरियन सेवा कार्य करते रहते हैं, सेवा करने से हमें संतुष्टि मिलती है। कोई भी कार्य हमेशा सेवा के भाव से ही करना चाहिए अगर सदस्यों की यह टीम कोई भी कार्य करें, तो उनका नाम समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आएगा। गवर्नर सुनील बंसल ने पिछले सत्र मे हुए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फ्ल और गर्मी में छांव देते हैं। शिखा श्रीवास्तव के संचालन एव सरदार रविंद्र सिंह कालरा के सम्बोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर प्रथम महिला रो मनीषी बंसल, डिस्ट्रिकट ट्रेनर के के श्रीवास्तव, सचिव भारती गुप्ता संस्थापक सदस्य अरविंद गुटगुटिया, डॉ रवि आहुजा डा0 सुधीर वर्मा, सुमना किदवाई सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

### लाइब्रेरी को मिला कम्प्यूटर

विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई गयी लाइब्रेरी मे रोटरी क्लब द्वारा एक कंप्यूटर सिस्टम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद एव पंचायत सचिव जैसराम को भेंट किया गया। बताते चले कि पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे बड़ागाव सहित आसपास गांवो के बच्चे पढ़ाई के लिए आते है रोटरी क्लब द्वारा भेंट किये गये कंप्यूटर से बच्चे अब आनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। लाइब्रेरी को कंप्यूटर प्राप्त करते समय सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, मनरेगा समन्वयक शिवबालक वर्मा सचिव उत्तम वर्मा मौजूद रहे।

### सेवित क्षेत्रों में चला जागरूकता अभियान

**मसौली, बाराबंकी।** विष्व माहवारी दिवस पर वात्सल्य और उजास के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा गांव की आशा, एएनएम के द्वारा मसौली ब्लाक के 25 गांवों में समुदाय की किशोरियों, महिलाओं ,पुरुषों और किशोरों के साथ मनाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि जागरूकता अभियान चलाकर लोगों की चुप्पी तोड़ने का कार्य किया जाएगा। वात्सल्य की जिला समन्वयक नीलिमा गुप्ता ने बताया कि माहवारी के दौरान साफ़ सफाई न रखने से इन्फेक्शन हो जाता है। जागरूकता ना होने से आज भी इस मुद्दे पर खुलकर बात नहीं होती है।इस मौके पर बीसीपीएम चांदनी, काउंसलर रीना ने पूरे प्रोग्राम को कराने में सफ्ल योगदान किया।

# राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी के धुन से गूजां हैदरगढ़

ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को जमकर हुआ प्रसाद वितरण, मंदिरो में उमड़ी भीड़

संवाददाता



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक हनुमान भक्तों ने जगह जगह स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया। वही एक बार फिर ''राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी'' के धुन से वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय मंदिरों में सुबह से भक्तो की भीड़ देखी गई। हनुमान अनुयायी ने कही भजन तो कही सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया।

सर्व प्रथम बात किया जाएं बाबा टीकाराम धाम कि तो यहा सुबह चार बजे से भक्तो के आने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक आते रहे। भीषण गर्मी के बावजूद परिसर में कई जगहो पर पुरोहितो से लोग सत्यनरायण की कथा सुनते नजर आए। मंदिर परिसर में भक्त बाबा टीकाराम व हनोमान जी की जय जयकार करते नजर आए उन्हे देखकर उमस भरी गर्मी कम लगने लगी। मंदिर परिसर के समीप हैदरगढ़ तहसीदार ने स्टाल लगवाया और अपने हाथों से भक्तों को प्रसाद वितरण किया लगभग एक घंटे रूकने के पश्चात अपने गंतव्य को रवाना हो गई जबकि प्रसाद वितरण का सिलसिला अनावृत चलता रहा। वही वेहटा निवासी रूद्र प्रसाद मिश्रा ने प्रसाद वितरण का स्टाल लगवाया और अपने सहयोगी ननकुन्नी मिश्रा, गिरजा मिश्रा, राहुल सिंह, गौरव सिंह, मुन्ना सिंह के साथ प्रसाद का वितरण किया जो दोपहर से लेकर शाम तक चलता रहा।

यही नही टीकाराम धाम में राजधानी लखनऊ के निलमथा निवासी अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार यादव भी सपरिवार बाबा के दरबार पहुंचे और मंदिर में माथा टेककर परिसर से कुछ दूरी पर स्टाल लगा कर भक्तों को अपने हाथो से प्रसाद का वितरण किया। सहयोगी राम सिंह यादव ने कहा कि आज प्रसाद वितरण करते हुए हमे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है यदि बाबा का आदेश होगा तो अगले वर्ष पुनः प्रसाद वितरण करूगां।

**एसबीएस पब्लिक स्कूल प्रबन्धक ने किया प्रसाद वितरण:** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के अवसर पर एसबीएस पब्लिक इंटर कालेज के प्रबंधक हर्षित राज कुमार ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया। इस दौरान प्रबंधक श्री सिंह ने हनुमान प्रतिमा पर पुष्प् अर्पित कर पूजा अर्चना किया तत्पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया।

श्री सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास के मंगलवार को प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो दोपहर से लेकर प्रभु इच्छा तक चलता रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य सुष्मिता शाही, प्रधानाचार्य अरुण श्रीवास्तव ,प्रधानाचार्य शशि प्रकाश शुक्ला, अध्यापक उत्सवी सिंह, सरिता सिंह, प्राची सिंह, सुरेश पाल, रामलखन पाल, आनंद, कुलदीप यादव, राजू सिंह, अयूब कुरेशी, शंकर बक्स पवार, सोनू सिंह प्रधान संहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

### ज्ञानमतीखेड़ा में बफ्र सिस्टम में हुआ भंडारा

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक ज्ञान सिंह अमेठिया अपने पैतृक आवास ज्ञानमतीखेड़ा में सुंदर कांड़ पाठ करने के पश्चात बफ्र सिस्टम में भण्डारा करवाया, जो दोपहर से शुरू होकर देर रात्रि तक भण्डारे का सिलसिला चलता रहा राहगीर और आस पास गांव के हजारों की संख्या में लोग भण्डारे में पहुंचे और छक कर हनुमान प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान रायबरेली से आए कीर्तन मंडली हनुमान और शंकर जी के भजनो को सुनाकर लोगो मंत्रमुग्ध कर दिया। भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह भी अपने लावलश्कर के साथ पहुंचे और वहां मौजूद जनता जर्नादन से मुलाकात कर अपने हाथों से लोगो को प्रसाद ग्रहण करवाया। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम देव सिंह, भाकियू जिलाध्यक्ष विधिचंद्र यादव, प्रदेश संगठनमंत्री प्रवीण सिंह जिला मीडिया प्रभारी नृपेन्द्र तिवारी, अनुराग शुक्ला, देवी बक्श सिंह, आशा देवी, अस्तित्व प्रताप सिंह, आशीष यादव के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# दो बच्चों समेत 18 की मौत

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अरकंसास, टेनेसी और केंटुकी तक 4,70,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं। तूफान ने ओकलाहोमा में दो लोगों की जान ले ली और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।



अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई। भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं।

# फिर ताइवान के पास दिखे 21 चीनी सैन्य विमान

एजेंसी

**ताइवान।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार को सुबह से सोमवार सुबह तक 21 चीनी सैन्य विमान और 11 चीनी नौसैनिक जहाज और चार चीनी तट रक्षक जहाज ताइवान के क्षेत्र के पास मौजूद पाए गए। वहीं ताइवान भी इसकी जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार को सुबह से सोमवार सुबह तक 21 चीनी सैन्य विमान और 11 चीनी नौसैनिक जहाज और चार चीनी तट रक्षक जहाज ताइवान के क्षेत्र के पास मौजूद पाए गए। वहीं ताइवान भी इसकी जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

ताइवान जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव ने क्षेत्र में कई सारी भू-राजनीति समस्याएं सामने आई हैं। जिसमें ताइवान ने चीन से बढ़ते सैन्य दबाव के चलते अपनी संप्रभुता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। लाई चिंग-ते के ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के कुछ दिन बाद चीन ने बृहस्पतिवार को दो दिवसीय सैन्य अभ्यास प्रारंभ किया। जिसमें उसने ताइवान को घेर लिया। शनिवार को भी ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने ताइवान के आसापास सात चीनी सैन्य विमानों और 10 चीनी नौसैनिक जहाजों का



पता लगाया। ताइवान के एमएनडी के अनुसार सुबह 6 बजे तक द्वीप के आसपास के क्षेत्र में सात पीएलए विमान और 14 पीएलएएन जहाज और चार चीन तटरक्षक जहाजों को ट्रैक किया था। ताइवान मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 7 पीएलए विमान, 14 पीएलएएन जहाज और चार सीसीजी जहाज संचालित होते देखे गए। ताइवान के एमएनडी के अनुसार 21 चीनी सैन्य विमानों में से 10 ने ताइवान के दक्षिण पश्चिमी और दक्षिणी-पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। वहीं इसके जवाब में ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की। नौसेना के जहाजों और तटीय मिसाइलों को तैनात किया।

एक्स पर साझा एक पोस्ट के अनुसार ताइवान के एमएनडी ने कहा कि ताइवान के आसपास 21 पीएलए विमान, 11 पीएलएएन जहाज और 4 सीसीजी जहाजों का पता लगाया।

# उत्तर कोरिया एक बार फिर करेगा जासूसी सैन्य उपग्रह लॉन्च करने की कोशिश

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसे ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया अपने मुख्य तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अगले हफ्ते एक उपग्रह लॉन्च करने वाला है।

जापान के तटरक्षक ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन जून को किसी भी समय उपग्रह लॉन्च करने की अपनी योजना के बारे में टोक्यो को जानकारी दी है। बता दें, अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह सैन्य जासूसी उपग्रह हो सकता है। कक्षा में दूसरे जासूसी सैटेलाइट को भेजने का उसका यह प्रयास है। तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से करेगा लॉन्च दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया ऐसी गतिविधियों में शामिल हो रहा है जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह उत्तर पश्चिम में अपने मुख्य



तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। पिछले साल भी किया था लॉन्च

उत्तर कोरिया ने अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष-आधारित निगरानी नेटवर्क बनाने के अपने प्रयासों के तहत पिछले नवंबर में अपना पहला सैन्य टोही उपग्रह कक्षा में भेजा था। संयुक्त राष्ट्र ने लगाया प्रतिबंध उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बाद में एक प्रमुख गवर्निंग पार्टी की बैठक में कहा कि देश 2024 में तीन अतिरिक्त सैन्य जासूसी उपग्रहों का लॉन्च करेगा। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने उत्तर कोरिया को उपग्रह लॉन्च करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

## नेपाल में भी दिखा रेमल चक्रवात का असर

**काठमांडू।** रेमल चक्रवात का असर नेपाल के पूर्वी हिस्से में भी दिखा है। नेपाल के कोशी प्रदेश में मोरंग, सुनसरी और झापा में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक रेमल चक्रवात का असर सोमवार सुबह तक पश्चिम बंगाल से जुड़े जिलों में तेज आंधी के साथ लगातार बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख गोविन्द झा ने कहा है कि धीरे-धीरे रेमल चक्रवात का असर देश के बाकी हिस्सों में भी दिखेगा। कोशी प्रदेश के साथ ही बागमती और मधेश प्रदेश में भी दोपहर बाद भारी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा है कि मंगलवार तक रेमल चक्रवात का प्रभाव रहेगा। विभाग ने विशेष बुलेटिन में बागमती और कोशी सहित अन्य नदियों के तट पर रहने वालों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# नासा ने लॉन्च किया जलवायु उपग्रह

एजेंसी

**न्यूजीलैंड।** प्रीफायर मिशन में दो शूबॉक्स के आकार के क्यूब उपग्रह शामिल हैं। यह ग्रह के दो सबसे ठंडे, सबसे दूरस्थ क्षेत्रों से पृथ्वी द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित होने वाली गर्मी की मात्रा को मापेंगे। प्रीफायर मिशन के डेटा से शोधकर्ताओं को गर्म होती दुनिया में पृथ्वी की बर्फ, समुद्र और मौसम कैसे बदलेंगे का बेहतर अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। नासा ने लॉन्च किया पहला छोटा जलवायु उपग्रह



नासा ने शनिवार को न्यूजीलैंड के उत्तर में महिया से रॉकेट लैब नामक कंपनी के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 1 से शाम 7:41 बजे जूते के डिब्बे के आकार का पहला छोटा जलवायु उपग्रह लॉन्च किया। इसे एक इलेक्ट्रॉन रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस पूरे मिशन को प्रीफायर (फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट में पोलर रेडिएंट एनर्जी) नाम दिया गया है।

मिशन में दो शूबॉक्स के आकार के क्यूब उपग्रह शामिल हैं। यह ग्रह के दो सबसे ठंडे, सबसे दूरस्थ क्षेत्रों से पृथ्वी द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित होने वाली गर्मी की मात्रा को मापेंगे। प्रीफायर मिशन के डेटा से शोधकर्ताओं को गर्म होती दुनिया में पृथ्वी की बर्फ, समुद्र और मौसम कैसे बदलेंगे का बेहतर अनुमान लगाने में मदद मिलेगी।पृथ्वी की प्रणाली को लेकर समझ बेहतर करेगा नासा के पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान निदेशक करेन सेंट जर्मेन ने हाल ही में कहा था कि ध्रुवों में क्या हो रहा है, जलवायु में क्या हो रहा है जैसी नई जानकारी जो हमारे पास पहले कभी नहीं थी। प्रीफायर मिशन उसका नमूना या मॉडल तैयार करने की हमारी क्षमता में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे उपग्रह बहुत विशिष्ट वैज्ञानिक सवालों का जवाब देने का एक कम लागत वाला तरीका है। ऐसे में बड़े उपग्रहों को सामान्यवादी और छोटे उपग्रहों को विशेषज्ञ माना जा सकता है और नासा को दोनों की जरूरत है। नासा का ताजा प्रीफायर मिशन पृथ्वी प्रणाली की हमारी समझ के एक अंतर को भर देगा।

ऊर्जा पर ध्रुवीय क्षेत्रों के असर का पता चलेगा जर्मेन ने बताया कि लॉन्च किया गया उपग्रह हमारे वैज्ञानिकों को एक विस्तृत तस्वीर दिखाएगा कि पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र हमारे ग्रह द्वारा अवशोषित और उत्सर्जित होने वाली ऊर्जा को कैसे प्रभावित करते हैं।

# कतर एयरवेज का विमान टर्बुलेंस का शिकार

एजेंसी

**कतर।** एयरवेज की एक उड़ान में आज टर्बुलेंस के कारण 12 यात्री घायल हो गए। विमान दोहा से आयरलैंड जा रही थी। डबलिन हवाईअड्डे ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, विमान सुरक्षित और निर्धारित समय पर हवाईअड्डे पर लैंड की।तुर्किये के ऊपर टर्बुलेंस का करना पड़ा सामनाडबलिन हवाईअड्डे ने आगे बताया कि लैंडिंग के बाद आपातकालीन सेवाओं ने जिम्मा संभाला, जिसमें हवाईअड्डा पुलिस, अग्निशमन और बचाव विभाग शामिल थे।

हवाईअड्डे के मुताबिक, उड़ान के दौरान तुर्किये के ऊपर पहुंचने पर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा, जिस वजह से छह यात्रियों और छह चालक दल कुल 12 लोग घायल हो गए।हवाई अड्डे ने बाद में पुष्टि की कि आठ यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया। कतर एयरवेज ने एक बयान में कहा कि उड़ान में कुछ यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को मामूलू



चोटें आईं और उन्हें चिकित्सा देखभाल में रखा गया है। मामला अब एक आंतरिक जांच का विषय है। वहीं, आयरलैंड की राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा ने कहा कि उसे हवाई अड्डे पर आने के लिए पहले एक अलर्ट मिला था। हालांकि, यात्रियों को उतारने में मदद करने के लिए एक टीम पहले से ही वहां पर मौजूद थी। डबलिन हवाईअड्डे ने बयान में कहा कि उनकी टीम यात्रियों और एयरलाइन कर्मचारियों को पूरी मदद करना जारी रखेगी। इस घटना से पांच दिन पहले लंदन से सिंगापुर टर्बुलेंस की चपेट में आ गया था।

## अमेरिका के मेक्सिको सिटी में पानी के लिए हाहाकार

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के मेक्सिको सिटी के कई इलाके इस समय पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। मेक्सिको सिटी में पानी की कमी लंबे समय से प्रमुख मुद्दा रहा है। इसका खामियाजा शहर के केंद्र के बाहरी इलाके में रहने वाले कम आय के अधिकतर लोगों का भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि शहर के कुछ आभिजत्य इलाकों में भी जल संकट पैदा हो गया है। गर्म तापमान, कम वर्षा और खराब बुनियादी ढांचे ने विशाल महानगर में जल संकट पैदा कर दिया है। मेक्सिको सिटी के सेंटर फॉर इकोनॉमिक रिसर्च एंड टीचिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रोफेसर क्रिस्टीना बोयस का कहना है कि बरसात से संकट को कम करने में जरूर मदद करेगी, लेकिन यह उस शहर में सुरक्षा की झूठी भावना पैदा कर सकती है, जिसे कम पानी का उपयोग करने और बारिश का उपयोग करने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की आवश्यकता है।मेक्सिको सिटी को लगभग एक चौथाई पानी की आपूर्ति जलाशयों, जल उपचार संयंत्रों और लंबी नहरों की बड़ी शृंखला से होती है।

# ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास पर अमेरिका ने जताई चिंता



एजेंसी


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अमेरिका ताइवान जलडमरूमध्य और ताइवान के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के संयुक्त सैन्य अभ्यास पर गहराई से चिंतित है और वह चीन की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है। ताइवान के आसपास चीन के सैन्य अभ्यासों पर अमेरिका ने गहरी चिंता जताई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने चीन से संयम से काम लेने का आग्रह किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी विदेश का यह बयान तब सामने आया है जब चीन ने गुरुवार और शुक्रवार (23-24 मई) को दो दिवसीय सैन्य अभ्यास किया। इस सैन्य अभ्यास में जमीन, समुद्र, वायु और रॉकेट बल शामिल थे। 20 मई को लाई चिंग-ते ने ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। जिसके कुछ दिनों के बाद चीन ने ताइवान और ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास सैन्य अभ्यास किया। मिलर ने एक बयान में कहा, अमेरिका ताइवान जलडमरूमध्य और ताइवान के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के संयुक्त सैन्य अभ्यास पर गहराई से चिंतित है। हम चीन की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और हमारी साझा चिंताओं के बारे में सहयोगियों और भागीदारों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

# रूस से राष्ट्रपति जेलेंस्की की अपील

एजेंसी

**यूक्रेन।** वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं अभी खार्किव में हूं। दुर्भाग्य है कि यह शहर रूस की सीमा के करीब है। हर दिन रूसी सेना शहर पर गोलाबारी कर रही है। शहर में दस लाख से अधिक लोग रहते हैं। रूस सभी को डरा रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को वैश्विक नेताओं से अपील की है। उन्होंने वैश्विक नेताओं से आग्रह किया है कि 15 जून से शुरू होने वाले वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में आप सभी भाग लें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी देश अकेले और बिना सहायता के ऐसे युद्धों को नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड के साथ मिलकर यूक्रेन शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। बाइडन-जिनपिंग से अपील



जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 80 से अधिक देशों ने सम्मेलन में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। उन्होंने नेताओं से शांति को बढ़ाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शांति कों बढ़ाने के लिए नेतृत्व करें। वैश्विक बहुमत के प्रयासों से शांति स्थापित हो सकती है। रूस की आक्रमकता के खिलाफ एकजुट होना आवश्यक है।

आसपास के देशों को भी धमका रहा है रूस उन्होंने कहा कि मैं अभी खार्किव में हूं। दुर्भाग्य है कि यह शहर रूस की सीमा के करीब है। हर दिन रूसी सेना शहर पर गोलाबारी कर रही है। शहर में दस लाख से अधिक लोग रहते हैं। रूस सभी को डरा रहा है। खार्किव का एक भी जिला या सड़क ऐसा नहीं है जो रूस के आतंक से पीड़ित न हो। रूस आसपास के सभी देशों को डरा रहा है। उसने परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर कब्जा कर लिया है।

यूक्रेन के उप विदेश मंत्री भारत से कर चुके हैं अपील दोनों देशों के युद्ध को दो साल पूरे होने पर यूक्रेन के उप विदेश मंत्री इरीना बोरोवेत्स ने कहा था कि भारत को शांति-खोज समाधान का हिस्सा बनना ही होगा। भारत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा रहा है, इसलिए उससे कई उम्मीदें भी हैं। भारत के रूस और अमेरिका दोनों से अच्छे संबंध हैं। बोरोवेत्स ने कहा कि सबसे पहले, भारत एक वैश्विक नेता है, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता है। वह रूस-यूक्रेन जंग के शांतिपूर्ण समाधान खोजने में अधिक मुखर होकर कार्रवाई कर सकता है। बोरोवेत्स ने कहा, पीएम मोदी ने गत वर्ष उज्बेकिस्तान में रूसी राष्ट्रपति से यह तक कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। इस बयान को पूरी दुनिया का समर्थन मिला। उन्होंने कहा, यूक्रेन ने मार्च में स्विट्जरलैंड में होने वाले ग्लोबल पीस समिट में भारत को आमंत्रित किया है।

# राजनीति में फिर वापसी की तैयारी में राजपक्ष

एजेंसी

**कोलंबो।** राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति चुनाव कराना चाहते हैं। हालांकि, एसएलपीपी चाहती है कि संसदीय चुनाव 2025 की निर्धारित तारीख से पहले हो जाएं।काफी समय तक श्रीलंका पर राजपक्षे परिवार का राज था। हर कहीं राजपक्षे परिवार का ही प्रभाव नजर आता था। लेकिन साल 2022 में यह तस्वीर उस वक्त बदल गई थी, जब देश भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। बिगड़ते हालातों से जनता इस परिवार से खासी नाराज थी।

गोटाबाया राजपक्षे ने दबाव में आकर राष्ट्रपति पद से इस्तीफा भी दे दिया था। अब श्रीलंका के आर्थिक हालात धीरे-धीरे पटरी पर आ रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच राजपक्षे पार्टी अपनी कमबैक की प्लानिंग कर चुकी है। पार्टी आगामी चुनावों के जरिए राजनीति में वापस आने की कोशिश करेगी। इन मंत्रियों को सत्ता से किया



था बेदखल गौरतलब है, पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे, पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे को 2022 में वित्तीय और राजनीतिक संकट के बाद सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। क्या है एसएलपीपी की योजना?पूर्व मंत्री एसएम चंद्रसेना ने पत्रकारों को बताया कि राजपक्षे की श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी या पीपल्स फ्रंट) पार्टी उत्तर मध्य ग्रामीण शहर थलावा में एक सार्वजनिक रैली आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि महिंदा राजपक्षे रेली का उद्घाटन करेंगे।इसका उद्देश्य पार्टी को राष्टपति या संसदीय चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर तैयार करना है। उन्होंने आगे कहा, जो भी चुनाव पहले आएगा, हम उसके लिए पार्टी को तैयार करने के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे।संसदीय चुनाव और राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बहस बता दें, चुनाव अधिनियम के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव संसदीय चुनावों से पहले होना चाहिए। अगला संसदीय चुनाव अगस्त 2025 से पहले नहीं होना है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति चुनाव कराना चाहते हैं। इस बात का संकेत उन्होंने बुधवार को दिया था।

हालांकि, एसएलपीपी चाहती है कि संसदीय चुनाव 2025 की निर्धारित तारीख से पहले हो जाएं।

इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग ने बताया था कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्तूबर के बीच होगा। एसएलपीपी ने अभी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है जबकि दो प्रमुख विपक्षी खेमे राष्ट्रपति पद के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुके हैं। कभी सिंहल बौद्ध राजाओं से होती थी महिंदा की तुलना

महिंदा राजपक्षे को देश की बहुसंख्यक सिंहली आबादी का नेता माना जाता है। उन्हें वॉर हीरो के तौर पर देखा जाता है।

# पापुआ न्यू गिनी भूस्खलन, 670 की मौत

एजेंसी

**पापुआ न्यू गिनी।**अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने कहा कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी के मिशन प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव व एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए थे।

पहले 60 मकान दबने का अनुमान लगाया गया था। एक्टोप्राक ने कहा, वे लोग अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। मक्का तक पहली बार हाई-स्पीड ट्रेन से पहुंचेंगे भारतीय हज यात्री



भारतीय हज यात्री जेद्दा हवाई अड्डे से मक्का तक पहली बार हाई-स्पीड ट्रेन से पहुंचेंगे। रियाद में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि इतिहास लिखा जा रहा है! ट्रेन की गति 300 किमी/घंटा है। ट्रेन न केवल यात्रा का समय बचाएगी, बल्कि लगभग 32,000 भारतीय हाजी विशेष सेवा का उपयोग करेंगे। इससे इनका सफर और अधिक आरामदायक बनेगा और उन्हें अद्भुत अनुभव प्राप्त होंगे। जनवरी में जेद्दा में सऊदी अरब (केएसए) और भारत के बीच हुए द्विपक्षीय हज समझौते के तहत इस साल हज के लिए भारत से कुल 1,75,025 तीर्थयात्रियों का कोटा तय किया गया है। हूती विद्रोहियों ने 113 युद्धबंदियों को मुक्त किया ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को देश में लंबे समय से चल रहे संघर्ष में बंधक बनाए गए 113 लोगों को मुक्त कर दिया है।

# सभी युवाओं के लिए अनिवार्य होगी सैन्य सेवा

एजेंसी

**लंदन ।** लंदन एक प्रचार वीडियो में योजना का एलान करते हुए ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन में ऐसा बहुत कुछ है, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं, लेकिन हमारे समाज में एक समस्या ये है कि हमारी युवा पीढ़ी के पास वो अवसर नहीं हैं, जिनके वो हकदार हैं।

ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को चुनाव का पहला बड़ा एलान किया, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर उनकी कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार सत्ता में वापस लौटी तो वे नेशनल आर्मी सर्विस को युवाओं के लिए अनिवार्य बनाएंगे। युवाओं को सेना के साथ काम करने का मिलेगा मौका

एलान के मुताबिक 18 साल के



युवाओं को 12 महीने के लिए पूर्णकालिक सैन्य सेवा या फिर एक साल के लिए हर महीने के एक सप्ताह के लिए राष्ट्रीय सेवा करने का विकल्प दिया जाएगा। सैन्य नियुक्ति चयनात्मक होगी और इसके लिए परीक्षण और योग्यता तय की जाएगी। युवाओं को सशस्त्र बलों या फिर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका दिया जाएगा। एक प्रचार वीडियो में योजना का एलान करते हुए ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन में ऐसा बहुत कुछ है, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं, लेकिन हमारे समाज में एक समस्या ये है कि हमारी युवा पीढ़ी के पास वो अवसर नहीं हैं, जिनके वो हकदार हैं।सुनक बोले- भविष्य खतरनाक

सुनक ने कहा ब्रिटेन को खतरनाक और ज्यादा विभाजित भविष्य का सामना कर रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में हैं। यही वजह है कि हम एक साहसिक योजना का एलान कर रहे हैं, जिसमें 18 साल के युवा सेना में सेवाएं देंगे या फिर खोजी और राहत अभियान में सेवाएं देंगे। टोरी नेता ने कहा कि सैन्य सेवा से युवाओं को जरूरी स्किल मिलेंगे, जिससे ब्रिटेन ज्यादा सुरक्षित होगा और देश में एक मजबूत राष्ट्रीय संस्कृति बनेगी। सुनक ने स्वीडन का उदाहरण दिया, जहां युवाओं के लिए सैन्य सेवा देना अनिवार्य है। सुनक ने कहा कि अनिश्चित समय के लिए स्पष्ट योजना और साहसिक फैसले लेने की जरूरत होती है, तभी भविष्य सुरक्षित हो सकता है।

## पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह (पाकसेट-एमएम-1) के प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इसे चीन के जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 30 मई को लॉन्च किया जाएगा। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस पर व्यापक चर्चा की है।

अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (सुपारको) के प्रवक्ता के अनुसार मल्टी-मिशन संचार उपग्रह पाकसेट-एमएम-1 सुपारको और चीनी एयरोस्पेस उद्योग का संयुक्त प्रयास है। इसे पाकिस्तान की संचार और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।



# मलाइका ने लगा दी मुहर

बी टाउन की सबसे हॉट जोड़ी मलाइका अरोड़ा और अजुन कपूर ने लम्बे समय तक एक-दूसरे को डेट किया। लेकिन कुछ ही महीनों से दोनों के ब्रेकअप की खबरें चर्चा में हैं। हालांकि ब्रेकअप को लेकर नेटिजन्स उनके साथ न नजर आने के कारण सिर्फ अंदाजा लगा रहे थे। लेकिन मलाइका के हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट से लोगों को यकीन हो गया है कि ये कपल अलग हो गया है। मलाइका ने उनके ब्रेकअप को लेकर चल रही ट्रोलिंग का जवाब देते हुए एक पोस्ट शेयर किया। खबरों के मुताबिक, मलाइका का कहना है कि उनके और अर्जुन के बीच बहुत ही खास रिश्ता था और वे दोनों एक-दूसरे के दिलों में एक खास जगह बनाए रखेंगे। उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में एक सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखेंगे। वे किसी को भी अपने रिश्ते को घसीटने और उसका एनालिसिस करने की अनुमति नहीं देंगे। उनका एक लंबा, प्यार भरा, फलदायी रिश्ता था जो दुर्भाग्य से अब खत्म हो गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके बीच कोई खटास है। वे एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं।÷

आपको बता दें कि अर्जुन और मलाइका की डेटिंग की अफवाहें तब उड़ी थी जब साल 2018 में दोनों को एक फैशन शो में नजर आये थे। वहीं मलाइका ने अपने 45वें जन्मदिन पर अर्जुन संग अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी थी। तब से दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया था। साथ ही ये दोनों एक दूसरे की फैमिली के साथ भी समय बिताते नजर आते थे। उनके इस रिश्ते को लेकर नेटिजन्स ने उन्हें खूब ट्रोल किया। क्योंकि मलाइका और अर्जुन की उम्र में 12 साल का अंतर है।

फिटनेस के मामले में 46 साल की मलाइका बॉलीवुड की यंग अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती हैं। मलाइका अपने वर्कआउट की तस्वीरें और वीडियों समय-समय पर इंस्ट्राग्राम पर शेयर करती रहती हैं। जिससे इस बात का पता लगता है कि वह खुद को फिट रखने के लिए कितनी मेहनत करती हैं। मलाइका न सिर्फ फिटनेस बल्कि ट्रैवलिंग का भी शौक रखती हैं। वो कई बार अपनी गर्ल गैंग के साथ ट्रैवल की फोटोज शेयर करती रहती हैं।



# 12 जुलाई को होगी अनंत और राधिका की शादी


एशिया के सबसे अमीर परिवार यानी भारत की अम्बानी फैमिली में इन दिनों जश्न का माहौल है। मुकेश अम्बानी के छोटे बेटे अनंत अम्बानी जल्द ही अपनी मंगेतर राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उनकी शादी का कार्ड सामने आ गया है, जिसके मुताबिक इस भव्य शादी के समारोह की शुरुआत 12 जुलाई से होगी जो तीन दिन तक चलेंगे। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने वाली इस शादी में बॉलीवुड से लकर बिजनेस वर्ल्ड की बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

इस शाही शादी के कार्ड में मुकेश अम्बानी-नीता अम्बानी के साथ बेटे आकाश अम्बानी, बहु श्लोका मेहता, बेटी ईशा अम्बानी और दामाद आनंद पीरामल का नाम भी नजर आया। साथ ही अम्बानी फैमिली के बच्चों के नाम भी दिए गए हैं। शादी समारोह 12 जुलाई से शुरू होकर 14 जुलाई को रिसेप्शन पर समाप्त होगा। कार्यक्रम मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होंगे। शादी वाले दिन यानी 12 जुलाई के लिए इंडियन ट्रेडिशनल ड्रेस होगा। 13 जुलाई को आशीर्वाद सेरेमनी में भी यही ड्रेस कोड रहेगा। वहीं 14 जुलाई को वेडिंग रिसेप्शन में इंडियन चिक ड्रेस कोड रहेगा।

अनंत और राधिका के प्री वेडिंग फंक्शन की शुरुआत गुजरात में जामनगर के भव्य समारोह के साथ हुई, जो 1 मार्च 2024 से 3 मार्च 2024 तक चला। ये राधिका और अनंत का पहला प्री वेडिंग फंक्शन था, जिसमें देश-विदेश से कई मेहमान शामिल हुए। वहीं इनका दूसरा प्री वेडिंग फंक्शन इटली में लेविश क्रूज पर आयोजित हो रहा है। इसके लिए भी देश विदेश से लोग इटली पहुंचे हैं।



# अपने आइडल की तारीफ करती नजर आई रूपाली गांगुली



टेलीविजन अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने रतन टाटा द्वारा ताज होटल परिसर में प्रवेश करने वाले जानवरों के साथ अच्छा व्यवहार करने के सख्त निर्देश जारी करने के लिए अपना समर्थन दिखाया। ऐक्ट्रेस की ये पोस्ट तब सामने आई जब होटल के प्रवेश द्वार पर शांति से सो रहे एक आवारा कुत्ते की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। रूपाली गांगुली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में अपने आइडियल रतन टाटा की प्रशंसा की और लिखा, ÷अगर सोने का दिल कोई इंसान होता, बहुत बड़ा सम्मान।

हाल ही में लिंक्डइन पर होटल परिसर के अंदर आवारा कुत्ते की तस्वीर शेयर की गई है और होटल के कर्मचारियों की इसमें प्रशंसा भी है। पोस्ट को साझा किए जाने के बाद, कर्मचारियों ने बताया कि रतन टाटा ने होटल परिसर में प्रवेश करने वाले जानवरों के साथ 'अच्छा' व्यवहार करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

इस बीच, आगामी लोकसभा चुनावों से ठीक पहले, बुधवार को दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में रूपाली गांगुली आधिकारिक तौर पर भाजपा की सदस्य बन गईं। पार्टी नेता विनोद तावड़े और अनिल बलूनी ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई।

पार्टी में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, ÷जब मैं विकास के इस 'महायज्ञ' को देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मुझे भी इसमें भाग लेना चाहिए। मुझे आपके आशीर्वाद और समर्थन की आवश्यकता है ताकि मैं जो भी करूँ, सही और अच्छा करूँ। अपनी बहुमुखी अदाकारी के लिए मशहूर रूपाली गांगुली इन दिनों लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभाकर छोटे पर्दे पर धूम मचा रही हैं।

अभिनेत्री को 'साराभाई वर्सेस साराभाई' में प्रतिष्ठित मोनिशा की भूमिका निभाने के लिए भी जाना जाता है।

# निकाह के बाद मुनव्वर फारुकी संग महजबीन कोटवाला की तस्वीरें हुईं वायरल



हाल ही में एक खबर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई थी, जिस पर अब मुहर लग गई। दरअसल, मुनव्वर फारूकी ने अपना दूसरा निकाह कर लिया है, ऐसी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। साथ ही निकाह के बाद एक ग्रैंड रिसेप्शन भी रखा गया था, जिसमें फ़िल्मी दुनिया की कई नामचीन हस्तियों ने हिस्सा लिया था। आपको बता दें कि मीडिया की ये खबर सच साबित हुई है। मुनव्वर फारूकी की नई बेगम महजबीन कोटवाला के साथ मुनव्वर फारुकी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर इस बात की पुष्टि की हैं। बता दें कि मुनव्वर फारूकी और महजबीन कोटवाला दोनों की ये दूसरी शादी है।

वहीं एक रिपोर्ट की माने तो मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन के बाद मुनव्वर के गृहनगर क्षेत्र डोंगरी में भी एक रिसेप्शन रखा गया था जिसमें मुनव्वर और महजबीन कोटवाला के ख़ास दोस्तों और रिश्तेदारों को आमंत्रित किया गया था। मुनव्वर फारूकी का बचपन डोंगरी में ही बीता है चाहे कोई भी ख़ुशी हो मुनव्वर फारुकी डोंगरी के सभी निवासियों के साथ उसे साझा करते हैं, डोंगरी के निवासी भी उन्हें भरपूर प्यार देते हैं। इसलिए मुनव्वर ने डोंगरी में भी अपने निकाह का रिसेप्शन रखा। बिग बॉस सीजन 17 के विजेता मुनव्वर फारूकी और उनकी नई नवेली बेगम महजबीन कोटवाला की जो नई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें ये दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़े केक काटते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर में महजबीन कोटवाला ने लेवेंडर ऑउटफिट पहन रखा है तो मुनव्वर फारुकी सफेद कलर की शर्ट में नजर आ रहे हैं। इन दोनों को एक साथ पहली बार देखने के ब फैंस ने भी अलग अलग प्रतिक्रिया दी है। एक फैंस ने कमेंट करते कहा कि 'माशाअल्लाह दोनों की जोड़ी कितनी खूबसूरत लग रही है।' वहीं एक और यूजर ने कमेंट करते हुए कहा कि 'आप दोनों एक दूसरे के साथ परफेक्ट लग रहे हो।'

आपको बता दें कि मुनव्वर फारूकी की शादी पहले भी हो चुकी है, उनका एक बेटा भी है। वहीं मुनव्वर की नई पत्नी महजबीन की भी शादी पहले हो चुकी है और उनकी एक बेटी है। महजबीन पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं, उन्होंने बॉलीवुड के कई स्टार्स का मेकअप किया हुआ है। इन दोनों की मुलाकात काम के सिलसिले में हुई थी और दोनों एक दूसरे के प्यार में पड़ गये।

# नशे में धुत रवीना ने बुजुर्ग से की मारपीट

एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। कभी वह अपनी फिल्मों को लेकर तो कभी अपने बोल्ड बयानों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हालांकि इस समय वह एक पिटाई मामले के कारण मीडिया में चर्चा में हैं। दावा किया जा रहा है कि रवीना ने एक बुजुर्ग महिला समेत दो अन्य लोगों के साथ मारपीट की। इस घटना के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रवीना पर शनिवार देर रात मुंबई के उपनगर बांद्रा में तीन लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप है। रवीना के ड्राइवर पर रिजवी कॉलेज के पास कार्टर रोड पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और 3 लोगों को टक्कर मारने का आरोप है। जब लोगों ने उनसे इस बारे में पूछा तो एक्ट्रेस नशे की हालत में अपनी कार से बाहर निकलीं और उसने पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की। बांद्रा में रहने वाले मोहम्मद नाम के शख्स ने रवीना के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने इस मामले पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। मोहम्मद के मुताबिक जब उनकी 70 साल की मां, बहन और भतीजी रिजवी कॉलेज के पास से गुजर रही थीं तो रवीना के कार ड्राइवर ने उनकी मां को टक्कर मार दी। इस दौरान लोगों ने कार रोककर पूछा तो ड्राइवर बहस करने लगा। इसके बाद नशे में धुत रवीना भी कार से उतरीं, जिससे बहस और बढ़ने लगी।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पीड़ित महिला और स्थानीय लोग रवीना को घेरे हुए हैं और पुलिस को बुला रहे हैं। एत पीड़िता कह रही है,तुम्हें रात जेल में गुजारनी पड़ेगी। मेरी नाक से खून बह रहा है। इस समय रवीना लोगों से वीडियो रिकॉर्ड न करने की गुजारिश करती हैं। जैसे ही लोग उन्हें घेरते हैं तो एक्ट्रेस कहती हैं, प्लीज मुझे धक्का मत दो।

घटना के कुछ देर बाद रवीना मौके से भाग गईं। इसके बाद पीड़ित और उसका परिवार एक्ट्रेस के खिलाफ केस दर्ज कराने खार पुलिस स्टेशन पहुंचा।